Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 51 | शुक्रवार, 21 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह का बड़ा एलान

# पूर्वोत्तर के बिना भारत और भारत के बिना पूर्वोत्तर अधूरा

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के अनुसार पूर्वोत्तर और भारत एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। 'यूनिटी उत्सवः वन वॉयस, वन नेशन ' पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2027 तक पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्य रेल और हवाई मार्ग से दिल्ली के साथ जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में शांति की स्थापना के साथ ही सांस्कृतिक विकास भी हो रहा है। भारत की ही तरह पूर्वोत्तर के राज्यों में सांस्कृतिक और भाषायी विविधता का उदाहरण देते हुए अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 220 से अधिक जातीय समूह और 160 से अधिक जनजातियां रहती हैं। यहां 200 से अधिक बोलियां और भाषाएं बोली जाती हैं और 50 से अधिक उत्सव मनाए जाते हैं। इसके साथ ही 30 से अधिक पारंपरिक नृत्य और 100 से अधिक व्यंजन अस्तित्व में हैं। उन्होंने कहा कि ये सब पूरे भारत के लिए बहुत बड़ी समृद्ध विरासत का खजाना है और पूरा देश इस पर गर्व करता है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर के बिना भारत और भारत के बिना पूर्वोत्तर अधूरा है। अमित शाह के अनुसार आजादी के बाद लंबे समय तक पूर्वोत्तर भारत की दिल्ली से फिजकल के साथ-साथ दिल की भी दूरी बड़ी थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिजिकल के साथ-साथ दिल की दूरी को समाप्त किया गया है। मोदी सरकार के दौरान हिंसा में 70 फीसद और मौतों में 85 फीसद की कमी पूर्वोत्तर भारत में शांति स्थापित होने का सबूत है। यही नहीं, पूर्वोत्तर के विकास के लिए बजट में भी तीन-चार गुना की बढ़ोतरी हुई है।




**पूर्वोत्तर को बताया समृद्ध विरासत का खजाना**

### असम राइफल्स ने किया है आयोजन

उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक में भारत टॉप 10 देशों में होगा और पूर्वोत्तर भारत का इसमें अहम योगदान होगा। अमित शाह के अनुसार आज भारत का कोई हिस्सा ऐसा नहीं है जो पूर्वोत्तर को अपना नहीं मानता और जिसके मन में पूर्वोत्तर के लोगों के लिए प्यार न हो। देश के हर राज्य के लोगों के मन में पूर्वोत्तर के लोगों के लिए विशेष जगह है और पूर्वोत्तर के हर राज्य को भी आगे बढ़कर पूरे देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उनके अनुसार पूर्वोत्तर अब शांति और विकास चाहता है और भारत के अभिन्न अंग के रूप में काम करना चाहता है। दिल्ली में पांच दिवसीय 'यूनिटी उत्सव : वन वॉयस, वन नेशन' आयोजन असम राइफल्स ने किया है।

## युजवेंद्र चहल और धनश्री का हो गया तलाक काउंसलिंग भी नहीं आई काम, कोर्ट में लगी मुहर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री का तलाक हो गया है। कानूनी कार्रवाई के बाद ये जोड़ी आधिकारिक रूप से अलग हो गई है। बीते कुछ महीने से दोनों की तलाक की खबरें थी जिन पर अब आधिकारिक मुहर लग गई है। एबीपी न्यूज ने इस मामले से जुड़े एक वकील के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में इन दोनों के तलाक मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जज ने दोनों से काउंसलिंग सेशन के लिए कहा जो 45 मिनट तक चला। जब जज ने तलाक के बारे में पूछा तो चहल और धनश्री ने कहा कि दोनों आम सहमति से अलग हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान चहल और धनश्री ने बताया कि वह 18 महीने से अलग रह रहे हैं। दोनों से जब तलाक का कारण पूछा गया तो बताया कि दोनो की आपस में बन नहीं रही है और कम्पैटबिलटी इश्यूस हैं। चर्चा करने के बाद जज ने दोनों को आधिकारिक तौर पर तलाक दे दिया। जज ने दोनों को कानूनी तौर पर पति-पत्नी के रिश्ते से आजाद कर दिया। अंतिम फैसला शाम 4:30 बजे सुनाया गया। इसके बाद दोनों ने अपने सोशल मीडिया हैंड्ल पर कुछ पोस्ट शेयर किए जिसमें में अपना दर्द बताया। चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ऱमैं जितनी बार गिन सकता हूं, भगवान ने उससे ज्यादा बार मुझे बचाया है। इसलिए मैं उस समय को याद कर सकता हूं जब मुझे बचाया गया है। भगवान आपका हमेशा मेरा साथ देने के लिए शुक्रिया, तब भी जब मुझे पता नहीं था।



धनश्री ने भी पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा, ऱदबाव से आशीर्वाद तक। भगवान जब चिंताओं को आशीर्वाद में बदल देता है तब ये कितना शानदार होता है। अगर आज आप किसी बारे में दबाव ले रहे हो तो आपको याद रखना चाहिए कि आपके पास विकल्प है। आप या तो चिंता कर सकते हैं या भगवान पर सब कुछ छोड़ सकते हैं। भगवान आपके लिए सब अच्छा करेगा, इस प्रार्थना में शक्ति है।

## सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को गुरुवार सुबह तबीयत खराब होने पर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनके पेट में हल्का संक्रमण है। इसके अलावा उन्हें रूटीन चेकअप भी करवाना था। इसके चलते उन्हें सुबह आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया और रूटीन चेकअप कराया गया। अस्पताल ने बताया कि श्रीमती गांधी की नियमित जांच की गई है और वे डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी हालत में सुधार है और उन्हें शुक्रवार या अगले कुछ दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी दिसंबर 2024 में 78 साल की हो गयीं। आखिरी बार 13 फरवरी को संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा के बाहर सार्वजनिक रूप से दिखाई दी थीं। हाल ही में, उन्होंने सरकार से जनगणना पूरी करने का आग्रह किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि 14 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभ नहीं मिल रहा है। दरअसल, बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति अपने अभिभाषण के अंत में बहुत थक गई थीं। पुअर लेडी, मुझे उनके बारे में काफी बुरा लगा।



### 'लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश'

## अमेरिकी सहायता को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी को घेरा

**नई दिल्ली।**

भाजपा ने गुरुवार को कहा कि भारत को यूएसएड फंडिंग पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे की पुष्टि करती है कि विदेशी शक्तियां उन्हें सत्ता में आने से रोकने की कोशिश कर रही हैं।

सत्तारूढ़ पार्टी ने राहुल गांधी पर विदेशी एजेंसियों के उपकरण के रूप में काम करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने कहा कि सरकार को भारत में यूएसएड की फंडिंग पर श्वेत पत्र लाना चाहिए। विपक्षी पार्टी ने ट्रंप के दावे को निरर्थक करार दिया है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी ने खुद को ऐसे वैश्विक नेटवर्क से जोड़ लिया है, जो भारत के हितों को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। वह विदेशी एजेंसियों के उपकरण के रूप में काम कर रहे हैं। गुरुवार को मियामी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यूएसएड द्वारा 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग पर सवाल उठाया। कहा, 'मुझे लगता है कि वह (बाइडन प्रशासन) किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहा था।'



ट्रंप की टिप्पणी के बाद मालवीय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के चुनाव अभियान के दौरान एक बार नहीं, बल्कि कई मौकों पर विदेशी प्रभाव की चेतावनी दी थी।

## ममता सरकार का कड़ा विरोधः यूजीसी ड्राफ्ट नियम पर तीखी प्रतिक्रिया, केंद्र सरकार पर लगाए ये आरोप

**कोलकाता।**

बंगाल विधानसभा में बजट सत्र के प्रथम चरण के अंतिम दिन गुरुवार को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विनियम 2025 के जारी ड्राफ्ट को वापस लेने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव लाया जिसे विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित कर दिया गया। इस यूजीसी के एक ड्राफ्ट रेगुलेशन को शिक्षा मंत्री बसु ने संघीय ढांचा के लिए कुठाराघात करार दिया।

उन्होंने नियम 169 के तहत लाए गए प्रस्ताव पर अपने पार्टी के दो विधायकों द्वारा अपनी बात रखने के बाद सदन में कहा कि इस ड्राफ्ट रेगुलेशन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंभीर चिंता जताई है। सिर्फ बंगाल ही नहीं गैरभाजपा शासित छह राज्यों ने इसका विरोध किया है। बसु ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से उच्च शिक्षा पर कब्जा करने की कोशिश में हैं जिसे बंगाल स्वीकार नहीं करेगा। बताते चलें कि छह जनवरी को यह ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी कर सभी राज्यों से इस पर राय मांगी गई है। जारी ड्राफ्ट गाइडलाइन के अनुसार 70 साल की उम्र तक यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर बन सकेंगे। वहीं विश्वविद्यालयों में कुलपति बनने के लिए अब अकादमिक क्षेत्र का होना अनिवार्य नहीं होगा। नए नियमों के तहत इंडस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक पालिसी, पब्लिक सेक्टर, पीएसयू आदि सेक्टर के विषय विशेषज्ञ भी कुलपति बन सकेंगे। पहले कुलपति बनने के लिए अकादमिक योग्यता में पढ़ाने अनुभव अनिवार्य मानक था।



### स्वदेशी सैन्य क्षमता को मिलेगा नया आयाम!

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी ट्रकों को खरीदने के लिए एसीई लिमिटेड और जेसीबी इंडिया लिमिटेड के साथ करार किया है। इसके तहत थलसेना, वायुसेना और नौसेना के लिए 697.35 करोड़ रुपये की कुल लागत पर 1,868 रफ टेरेन फोर्क लिफ्ट ट्रक (आरटीएफएलटी) को खरीदा जाएगा। इससे सैन्य क्षमता में वृद्धि होगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। आरटीएफएलटी महत्वपूर्ण उपकरण है जो युद्ध और रसद सहायता कार्यों में सहायता करेगा और सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाएगा।

## राष्ट्रपति शासन के बीच गवर्नर भल्ला का अल्टीमेटम, लूटे गए हथियार सरेंडर करें

**नई दिल्ली।**

राज्यपाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा सामान्य स्थिति बहाल करने के व्यापक हित में ताकि लोग अपनी सामान्य रोजमर्रा की गतिविधियों में लौट सकें। राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता की समाप्ति और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने को सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए। मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला ने सभी समुदायों के लोगों से लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सात दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा और आश्वासन दिया कि अल्टीमेटम का पालन करने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। राज्यपाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा सामान्य स्थिति बहाल करने के व्यापक हित में ताकि लोग अपनी सामान्य रोजमर्रा की गतिविधियों में लौट सकें।



## भारत का जीत के साथ आगाज बांग्लादेश को 6 विकेट से चटाई धूल




**नई दिल्ली।**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का जीत का खाता खुल गया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत को 2 अंक मिले। भारत ने बांग्लादेश के द्वारा दिए गए 229 रन के लक्ष्य को 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का जीत का खाता खुल गया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत को 2 अंक मिले। भारत ने बांग्लादेश के द्वारा दिए गए 229 रन के लक्ष्य को 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टीम इंडिया की जीत में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और केएल राहुल का अहम योगदान है। गिल ने वनडे करियर का आठवां शतक भी जड़ा। वहीं अब भारत का अगला मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम पाकिस्तान से रविवार, 23 फरवरी को दुबई में ही खेला जाएगा। भारत ने 229 रन के टारगेट को 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था।

अक्षर पटेल पांचवें नंबर पर उतरे और महज 8 रन बनाकर आउट हो गए। गिल ने वनडे करियर का आठवां शतक ठोका। उन्होंने 129 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए। इस दौरान गिल ने 9 चौके और दो छक्के जड़े। केएल राहुल 47 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस दौरान बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। वहीं बांग्लादेश के लिए तौहीद दोय ने 118 गेंद पर 100 रन बनाए। जेकर अली ने 114 गेंद पर 68 रन बनाए। तंजिद हसन ने 25 रन बनाए। रिशाद हुसैन ने 18 रन बनाए।

### योगी कैबिनेट ने लिए ये बड़े फैसले

# अब कम जमीन पर भी बन सकेंगे ऊंचे भवन, गाजियाबाद में बसेगी नई टाउनशिप



**लखनऊ।**

बजट सत्र के साथ आज योगी कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने कानपुर मेट्रो के लिए जमीन की मंजूरी दी। राज्य सरकार मेट्रो रेल, लाइट मेट्रो रेल, क्षेत्रीय त्वरित रेल जैसी सुविधा वाले क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही जमीन की कीमतों को देखते हुए अब व्यावसायिक भवन का नक्शा पास कराने वालों से विशेष सुख-सुविधा शुल्क लेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। दरअसल, जिस क्षेत्र में मेट्रो रेल व रोपवे जैसी सुविधाएं हैं वहां जमीन की कीमत के साथ ही व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसीलिए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने विशेष सुख सुविधा शुल्क लेने का फैसला किया है। यह शुल्क व्यवसायिक नक्शा पास कराने वालों से विकास प्राधिकरण वसूलेंगे। इसके लिए उप्र. नगर योजना और विकास (संशोधन) अधिनियम-2023 में दी गई व्यवस्था के आधार पर उप्र. नगर योजना और विकास (विशेष सुख सुविधा शुल्क निर्धारण वसूली व संग्रहण) नियमावली को मंजूरी दी गई है। आवास विभाग का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नगरीय सुविधाएं देने में इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

### अब कम जमीन पर भी बन सकेंगे ऊंचे भवन

राज्य सरकार ने शहरों में कम जमीन पर अधिक ऊंची इमारत बनाने की सुविधा दे दी है। बिल्डर पैसे जमा कर अतिरिक्त फ्लोर यानी फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) खरीद सकेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ।

## संपादक की कलम से

### बचपन पर भारी स्मार्टफोन

तकनीक के जरिये विकास की अंधी दौड़ में हम बहुत कुछ खो भी रहे हैं। इंसान कभी मशीन से संचालित नहीं हो सकता। मानवीय संवेदनाएं और अहसास कभी कृत्रिम नहीं हो सकते। दूसरे शब्दों में कहें तो कोई तकनीक, मशीन व उपकरण सहयोगी तो हो सकते हैं, मगर मालिक नहीं हो सकते। कमोबेश यही बात शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर कही जा सकती है। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नई शैक्षिक परिपाटी में मोबाइल की अपरिहार्यता को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं खड़ी कर रहा है। निस्संदेह, विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र–छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल–कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। तब लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही है। जाहिरा तौर पर ये उनके भटकाव और मानसिक विचलन का कारण भी बन सकता है। अब इसके मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों पर व्यापक स्तर पर बात होने लगी है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया समेत तमाम विकसित देश स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगा रहे हैं। अब तो यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की दुनिया में शैक्षिक स्थिति पर नजर रखने वाली टीम ने भी स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इसकी रिपोर्ट भारत में शिक्षा के नीति–नियंताओं की आंख खोलने वाली है। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है।



ललित शर्मा
संपादक

# दिल्ली की किस्मत 'रेखा' से एनसीआर की अपेक्षाएं

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से न केवल दिल्ली वासियों बल्कि एनसीआर के लोगों की अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों यथा-गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली-दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं।

लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली-एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है।

ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों-चारों मुख्यमंत्री जनहित में 'ग्रेटर दिल्ली' बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ-प्रयागराज-कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद-गुरुग्राम-रोहतक-सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी।

वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी। क्योंकि ग्रेटर दिल्ली के पास अपना मौसम और अपना पानी दोनों हो जाएगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आएगी। सड़कें चकाचक हो जाएंगी। यही नहीं, ग्रेटर दिल्ली बनने से यहां की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, विधानसभा सीटें बढ़ेगी, नगर निगम का आकार बढ़ेगा और यहां विधान परिषद के गठन की भी बात बढ़ेगी। इसके अलावा, यहां न केवल अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा, बल्कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के संतुलित विकास में भी मदद मिलेगी।

इसलिए भले ही हरियाणा सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार या राजस्थान सरकार ग्रेटर दिल्ली बनाने के लिए अपने विकसित शहर व जनपद देने को राजी न हों, लेकिन दिल्ली-एनसीआर वासियों के भावी हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार को इसके लिए खुले दिल से विचार करना चाहिए। यह मुद्दा कोई कपोलकल्पित बात नहीं है, बल्कि जब तब चुनावों में उठता भी आया है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनवाने के पीछे लोगों के जेहन में भी यह बात रही है। चूंकि मोदी हैं तो मुमकिन है, इसलिए ये वाला फॉर्मूला यहां भी लागू होना चाहिए।

यदि ऐसा होता है तो दिल्ली की दो बड़ी समस्याओं- यमुना नदी प्रदूषण और वायु प्रदूषण का भी ठोस समाधान निकल पाएगा। यहां के उद्योगों के विस्तार के लिए भूमि और जनसंख्या की किल्लत भी महसूस नहीं होगी। एक सीजीएसटी और चार एसजीएसटी से भी उद्यमी बच जाएंगे। चूंकि दिल्ली को छोटा हिंदुस्तान करार दिया जाता है, इसलिए इसका दायरा भी थोड़ा बड़ा हो जाएगा। इससे विभिन्न



राज्यों के सांस्कृतिक विकास में भी यहां मदद मिलेगी। यदि आप देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर नजर डालेंगे तो अधिकांश जगहों पर भाजपा और एनडीए की सरकार मिलेगी। इसलिए उनसे तालमेल बिठाकर भी ग्रेटर दिल्ली के सपने को साकार किया जा सकता है।

वहीं, दिल्ली-एनसीआर के कूड़े-कचरों का भी सही समायोजन हो पाएगा। दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों को 100-150 किलोमीटर दूर ले जाने में भी मदद मिलेगी।वाकई, दिल्ली-एनसीआर का भौगोलिक क्षेत्र जितना बड़ा है, यदि उसे ग्रेटर दिल्ली में सम्मिलित कर लिया जाए तो इस दिल्ली प्रदेश के विकास में आशातीत उन्नति होगी। ऐसा इसलिए कि अमूमन यहां के लोग एक दिन में दो-तीन-चार-पांच प्रदेशों का दौरा कारोबारी, राजनीतिक, समाजसेवा या व्यक्तिगत कारणों से करते हैं, इससे उन्हें सभी राज्यों को अलग-अलग टैक्स/टोल टैक्स आदि भी देना पड़ता है, जिससे यहां के उत्पाद महंगे हो जाते हैं।

यदि ऐसा हुआ तो यहां के लोगों को रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। ऐसा देखा जाता है कि एनसीआर के शहरों को सलीके से लूटने के लिए इनके इनके प्रदेश मुख्यालयों में गिरोह सक्रिय रहता है। लिहाजा ग्रेटर दिल्ली बनने से इस घटिया मानसिकता से भी मुक्ति मिलेगी। चूंकि आप और कांग्रेस से चुनावी प्रतिस्पर्धा में भाजपा ने कई फ्रीबीज की घोषणाएं की हैं, इसलिए उनको भी एक एक करके पूरा करवाने की जिम्मेदारी रेखा गुप्ता के कंधों पर होगी।

दिल्ली में सड़कों का निर्माण, शिक्षा व जनस्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, झुग्गी-झोपड़ियों का विकास, अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में पार्क, सामुदायिक भवन, शौचालय, पेयजल आदि जनसुविधाओं की बहाली पर भी रेखा गुप्ता सरकार को तुरंत फोकस करना होगा, क्योंकि दिल्ली के मतदाता जागरूक बहुत हैं। चूंकि रेखा गुप्ता हरियाणा मूल की भाजपा नेत्री हैं, अग्रवाल वैश्य समाज से आती हैं, प्रगतिशील महिला हैं, आरएसएस-भाजपा के लोगों को साथ लेकर चलती आई हैं, मोदी-शाह के एजेंडे के प्रति ततपर रहती आई हैं, इसलिए नवनिर्वाचित विधायक होने के बावजूद पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मौका दिया है।

कहना न होगा कि उन्हें तीन बार निगम पार्षद बनने, डीयू छात्र संघ की अध्यक्ष रहने, एमसीडी मेयर का चुनाव लड़ने और पार्टी में विभिन्न पदों पर सक्रिय रहने का गौरव हासिल है, इसलिए लोगों को उम्मीद है कि वह उन्हें निराश नहीं करेंगी। दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने में उन्होंने पार्टी के जितने बड़े-बड़े कद्दावर नेताओं को धराशायी किया है, उससे स्पष्ट है कि साधारण दिखती हुई भी वो असाधारण शख्सियत रखती हैं। इसलिए दिल्ली-एनसीआर के सपनों ग्रेटर दिल्ली को भी साकार कर सकती हैं, यदि वह ठान लें तो। - **कमलेश पांडेय**



उदय किशोर साह
भले का भला जमाना
कविता

इस दुनियाँ में आये हो तो मेरे भाई
अच्छे काम कर वापस ही जाना
क्योंकि फिर इस दुनियां। में प्यारे
वापस फिर नहीं है तुम्हें आना

भले का संगत भले बन इन्सान
बन जग को तुम इक बार दिखलाना
बुरे लोगों से इस जीवन में कभी
भूल कर भी हाथ ना है। मिलाना

अच्छी मीठी वाणी बोल ओ हर प्राणी
अच्छे कर्म कर जीवन भर इतराना
बेईमानी का खेल है दु:खदायी
कभी लालच में पड़ कर ना अपनाना

ईर्ष्या द्वेष व अमानवीय कोई तराणा
जीवन में कभी ना है तुम्हें गाना
जिस जिस ने इनको है अपनाया
जीवन भर मेरे भाई होता है पछताना

अच्छा व्यवहार अच्छा। संस्कार
अच्छे का है हर कोई है जग में दीवाना
अच्छे से अब दोस्ती कर लो मेरे भाई
अच्छे का है ये आधुनिक जमांना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी बदली रणनीति का संकेत दिया?



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हर चुनावी सभा में अनेकों वादे किए थे, जो चुनने के बाद क्रमवार,एक प्रक्रिया के तहत पूरे करते जा रहे हैं। पहले टैरिफ बढ़ाना, अवैध अप्रवासियों को निकालना अमेरिकी फर्स्ट संकल्प को आगे बढ़ाने के साथ अब रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर फोकस किया जा रहा है। परंतु यह किसी को उम्मीद नहीं थी कि इस पीस प्रक्रिया में यूक्रेन को ही बाहर कर दिया जाएगा? क्योंकि अभी हाल ही में यूक्रेन अमेरिका सहित कुछ अधिकारियों की सऊदीअरब के रियाद में संपन्न हुई जिसमें तीन मुद्दों पर आपसी सहमति बनी (1) यूक्रेन मुद्दे पर शांति समझौते के लिए दोनों देश टीम बनाएंगे।ये टीमें लगातार बातचीत करेंगीं। (2) अमेरिका ने कहा कि बैठक का मकसद होगा युद्ध को स्थायी तौर पर खत्म करना। (3) अमेरिका ने कहा कि शांति बहाल करने की कोशिशों में किसी न किसी तरह यूक्रेन और यूरोप को भी शामिल किया जाएगा। हम ऐसा हल निकालेंगे जो युद्ध से प्रभावित हर पक्ष को स्वीकार हो। बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि बैठकों में यूक्रेन और यूरोप को शामिल ने कर ट्रंप एकला चलो की राह पर यूरोपीय संघ व यूक्रेन को नजर अंदाज कर रहे हैं,जो रेखांकित करने वाली बात है। रियाद बैठक के बाद अब सबकी नजरें ट्रंप-पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है? ।चूँकि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी रणनीति का संकेत दिया है तथा यूक्रेन में युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप की अनदेखी कर ट्रंप की शांति प्रक्रिया से यूरोप अलग- थलग पड़ा हैं? इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रूस यूक्रेन पीस स्टॉक में अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन! पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है ?

साथियों बात अगर हम रूस यूक्रेन युद्ध में ट्रंप के बदले रुख कि करें तो, यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिका का रुख डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से बदला हुआ लग रहा है। उन्होंने पिछले दिनों यह कहकर यूक्रेन समेत सभी को चौंका दिया था कि जंग के लिए कीव जिम्मेदार है। अब तक जो बाइडेन सरकार यूक्रेन का समर्थन कर रही थी और रूस को ही इस जंग की वजह बता रही थी। ऐसे में अब युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी बदली नीति का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के लिए कीव जिम्मेदार है। यूक्रेन में युद्ध अगले सप्ताह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। इस बीच यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीव पहुंचे हैं। वह यहां राष्ट्रपति जेलेंस्की एवं सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। रूस को अलग-थलग करने की अपनी वर्षों पुरानी नीति में अमेरिका के बदलाव लाने के बीच के लॉग यूक्रेन का दौरा कर रहे हैं। सऊदी अरब में शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों के बीच वार्ता हुई थी। इसमें यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को दरकिनार कर दिया गया था। ट्रंप की टिप्पणियों से यूक्रेनी अधिकारियों को परेशानी हो सकती है, जिन्होंने रूसी आक्रमण से लड़ने में यूरोपीय देशों से मदद करने का आग्रह किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। इस बीच, रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में





लगातार किए जा रहे हमले से यूक्रेनी सेना कमजोर हो रही है, जिसे धीरे-धीरे लेकिन लगातार 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में कुछ मोर्चों पर पीछे धकेला जा रहा है।बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप खुद को व्लादिमीर पुतिन का मित्र बताते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सऊदी अरब की मध्यस्थता के साथ कोई रास्ता निकाला जा सकता है। सऊदी की अमेरिका और रूस दोनों ही देशों से करीबी है और अच्छे संबंध हैं। सऊदी अरब के रियाद में 4:30 घंटे चली बैठक में रूस-अमेरिका के विदेश मंत्रियों समेत अन्य नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में दोनों देशों ने सबसे पहले अपने आपसी रिश्ते सुधारने की पहल की।इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था। करीब तीन साल से दूतावास बंद पड़े थे।

साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर पुतिन ट्रंप व जेलेंस्कीके बयानों की करें तो, पुतिन जेलेंस्की से बातचीत करने को तैयारहैं और कहा- पहली बैठक का मकसद यूएस -रूस के बीच भरोसा बढ़ाना था; यूक्रेन के बिना समझौता नहीं होगा। रूसी और यूक्रेनी राष्ट्रपति आखिरी बार दिसंबर 2019 में फ्रांस में मिले थे। रूसी राष्ट्रपति ने बुधवार को कहा है कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जंग रोकने के लिए किसी भी समझौते से यूक्रेन को बाहर नहीं रखा जाएगा दरअसल मंगलवार को सऊदी अरब में हुई रूस और अमेरिका के बातचीत पर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि बैठक में हमें न बुलाया जाना हैरान करने वाला है। कोई भी डील हमसे बात किए कैसे हो सकती है।रूस की एजेंसी के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस और अमेरिका के बीच भरोसा बढ़ाए बिना यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों का हल नहीं निकाला जा सकता है। रियाद में हुई बैठक का यही मकसद था।पुतिन ने ये भी कहा कि रूस ने कभी यूरोप या यूक्रेन से बात करने से इनकार नहीं किया। बल्कि यूक्रेन ही अब तक रूस से बात करने से इनकार करता आया है।पुतिन ने कहा-हम किसी पर कुछ भी नहीं थोप रहे। हम बात करने के लिए तैयार हैं। ये हम सैकड़ों बार कह चुके हैं। अगर वे राजी हैं, तो बातचीत होने दीजिए। कोई यूक्रेन को किसी समझौते से बाहर नहीं कर रहा है।इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था। करीब तीन साल से दूतावास बंद पड़े थे। पुतिन ने रूस और अमेरिका के बीच हुई बातचीत को अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने बिना किसी पक्षपात के बातचीत में हिस्सा लिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से मिलना चाहेंगे लेकिन इस बैठक की तैयारी करनी बाकी है।ट्रम्प ने कहा- यूक्रेन ने समाधान खोजने के लिए तीन साल का वक्त गंवाया वहीं,जेलेंस्की कीनाराजगी को लेकर ट्रम्प ने कहा कि मैं सुन रहा हूं जेलेंस्की कह रहे कि हमने बातचीत में उन्हें शामिल नहीं किया। सच तो ये है कि उनके पास बातचीत करने के लिए तीन साल का वक्त था। उससे पहले भी वे बात कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ये वक्त गंवाया।ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की को कभी युद्ध की शुरूआत करनी ही नहीं चाहिए थी। वे बहुत आसानी से डील कर सकते थे।ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4 पेर्सेंट रह गई है।इसके जवाब में जेलेंस्की ने कहा कि सबसे हालिया नतीजों में मुझे 58 पेर्सेंट वोट मिले हैं यानी इतने यूक्रेनी लोग मुझ पर भरोसा करते हैं।इसलिए अगर कोई मुझे सत्ता से हटाना चाहता है, तो ये अभी काम नहीं करेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस की तरफ से लगातार यूक्रेन को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का हम सम्मान करते हैं, लेकिन अफसोस की बात है वे गलत जानकारी के बुलबुले में जी रहे हैं। मेरी अप्रूवल रेटिंग की गलत जानकारी रूस ही अमेरिका को दे रहा है।इसे लेकर ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि जेलेंस्की एक तानाशाह हैं जो बिना चुनाव के राष्ट्रपति बने हुए हैं।

# बीएसए कॉलेज में वैदिक विज्ञान का महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में ह्यवैदिक विज्ञान का महत्वह्न विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जो हरे कृष्ण भक्ति योग सोसायटी के सहयोग से संपन्न हुई। इस सोसायटी के संस्थापक भक्तिवेदांत नारायण गोस्वामी महाराज हैं। संगोष्ठी का आयोजन श्यामाचरण सभागार हॉल में किया गया, जहां प्रोजेक्टर एआई प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चारण एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। हरे कृष्ण भक्ति समिति के अध्यक्ष श्री रोहिणी नंदन दास ने बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा को दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संगोष्ठी में विशेष रूप से लॉस एंजेलेस, अमेरिका से पधारे श्री किशोरी मोहन जी एवं फ्रांस से आए श्री हरि कथा जी ने संगोष्ठी के कोऑर्डिनेटर डॉ. यू.के. त्रिपाठी व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रवीश शर्मा का स्वागत किया। इसके अतिरिक्त, संगोष्ठी में श्रीपद त्रिकलज्ञ जी श्री साक्षी चरण जी, श्री पुंडरिक जी, श्री नीरज जी, प्रिंस, श्री अतुल कृष्ण जी, श्री रुक्मिणी जी समेत कई विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों की भी उत्साहजनक भागीदारी रही, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से जुड़े साहिल, रोशन, दीपक, मुस्कान, नवीन, उदय, दिशांत, जयराम, लव आदि वालंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनंत कृष्ण दास जी ने किया।

संगोष्ठी में विद्वानों ने वैदिक विज्ञान के आधुनिक संदर्भों पर चर्चा करते हुए इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया और कहा कि वैदिक ज्ञान केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका गहरा वैज्ञानिक आधार भी है, जो आधुनिक विज्ञान के कई सिद्धांतों से मेल खाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने विभिन्न प्राचीन ग्रंथों और उनकी वैज्ञानिक व्याख्या को आधुनिक संदर्भों में प्रस्तुत किया, जिससे यह सिद्ध हो सके कि वैदिक ज्ञान केवल धार्मिक मान्यताओं तक सीमित नहीं, बल्कि विज्ञान के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। संगोष्ठी के समापन पर सभी विद्वानों एवं उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रो डॉ. यू.के. त्रिपाठी, प्रो डॉ. रवीश शर्मा, प्रो डॉ. बी.के. गोस्वामी एवं हरे कृष्ण भक्ति समिति के अध्यक्ष श्री रोहिणी नंदन दास जी का विशेष योगदान रहा। इस संगोष्ठी ने वैदिक विज्ञान की महत्ता को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया और उपस्थित जनों को वैदिक परंपराओं तथा वैज्ञानिकता के संबंध में नए विचारों से अवगत कराया।

## भाजपा के जिलाध्यक्ष ने की बजट की सराहना



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश में जारी हुए बजट पर अपनी टिप्पणी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने यह कहा है कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेशह्न की ओर एक और मजबूत कदम हैं, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी द्वारा उत्तर प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया गया। यह लोक-कल्याणकारी एवं सर्वसमावेशी बजट प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में समृद्धि और सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेता है। इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा नया आयाम युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नई योजनाएं स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को मिलेगी।

# रिफाइनरी प्रमुख के अचानक बदलने से लोग हैरान !

वेलकम इंडिया

- मथुरा रिफाइनरी द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने पर भी बदल दिए रिफाइनरी प्रमुख
- इंडियन ऑयल के शीर्ष नेतृत्व ने चहेतों को बनाया रिफाइनरी प्रमुख

**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी में हुए अचानक रिफाइनरी प्रमुख के तबादले से लोग हैरान हो गए हैं, लोगों में तरह-तरह की चचाएं बनीं हुई हैं। लोगों का कहना है कि इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी विश्व पटल पर अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए विश्व-विख्यात है। मथुरा रिफाइनरी द्वारा समय-समय पर निरंतर कीर्तिमान स्थापित किए जाते रहे हैं और इस समय भी मथुरा रिफाइनरी ने रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी रिफाइनरियों से बेहतर प्रदर्शन कर कान्हा की नगरी का नाम रोशन कर रखा है। लेकिन इसी बीच मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी के ट्रांसफर की खबर आते ही रिफाइनरी कर्मियों सहित क्षेत्रीय लोगों में हलचल मच गई।

लोगों का कहना है जब मथुरा रिफाइनरी बेहतरीन प्रदर्शन के साथ कार्य कर रही है, तो अचानक रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी का ट्रांसफर कैसे हो गया। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि शटडाउन के समय रिफाइनरी में 2 माइनर घटनाएं होने की वजह से रिफाइनरी प्रमुख का ट्रांसफर किया गया है। जबकि कुछ लोगों का यह भी कहना है मथुरा रिफाइनरी में तो और रिफाइनरियों के मुकाबले बहुत ही छोटे स्तर की घटनाएं हुई थीं।

क्षेत्रीय लोगों में इस बात की चर्चा का विषय ज्यादा बना हुआ है कि कि पिछले वर्ष जब डायरेक्टर ऑफ रिफाइनरीज पद के लिए आवेदन किए गए थे, उनमें रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी भी शामिल थे, इसी वजह से शीर्ष नेतृत्व के व्यक्ति द्वारा रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी को रिफाइनरी प्रमुख के पद से सोची-समझी रणनीति के तहत हटाया गया है। हालाँकि कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पुराने चेयरमैन व डायरेक्टर अगर रिटायर्ड नही होते तो ऐसा फेरबदल लोगों को देखने को नही मिलता। कुछ लोगों ने तो मथुरा रिफाइनरी के नए कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल को शीर्ष नेतृत्व का चहेता बताया है, इसलिए मथुरा रिफाइनरी में रिफाइनरी प्रमुख का फेरबदल किया गया है। देखने वाली बात यह होगी कि नए रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल शीर्ष नेतृत्व की उम्मीदों पर कितने खरे उतरते हैं।

## अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों की समस्याओ को दूर करने के लिए है संकल्पित : शेलवेन्द्र गुप्ता



**मथुरा।** अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अरविन्द चित्तौड़िया ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन से आगामी कार्यक्रम व पत्रकारों की समस्यो को दूर कैसे किया जाये इस उद्देश्य से गुरुवार को शेलवेन्द्र गुप्ता जी से उनके कार्यालय पर मुलाकात कर उन्हें आगामी कार्यक्रम मैं आने के लिए उन्हें आमंत्रित किया व साथ ही पत्रकार एसोसिएशन के सभी सदस्यो को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा सभी पत्रकारों को जो किसी भी क्षेत्र से हो सभी को मिलजुल कर एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिला कर चलना होगा। तभी हम पत्रकारों की समस्यो को दूर कर पाएंगे। राष्ट्रीय महासचिव डॉ अरविन्द चित्तौड़िया ने बताया जल्द ही आगामी राष्ट्रीय पत्रकार सम्मलेन के आयोजन की दिनांक व स्थान तय किया जायेगा।

# केएमयू में होगा कृदय-2025 वाषिर्कोत्सव आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया




- अजय हुड्डा, हेमंत ब्रजवासी सहित खुशी बालियान बिखेरेंगी अपनी आवाज का जादू
- कृदय-2025 वाषिर्कोत्सव में विश्वविद्यालय के 3000 छात्र-छात्राएं करेंगे प्रतिभाग
- केएमयू कुलाधिपति ने परिवार सहित किया कृदय-2025 के पोस्टर का विमोचन

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कृदय-2025 24 फरवरी से लेकर 02 मार्च तक आयोजित होगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित लोगो कृदय 2025 को पहली बार विवि परिसर में भव्य व स्मरणीय बनाने हेतु विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने पोस्टर का विमोचन कर विवि के समस्त विभागीय, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु प्रभारी व सहायक नियुक्त किए।

विवि कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि कृदय शब्द भगवान कृष्ण के नाम से है, जो मुख्य रूप से कुछ क्षेत्रीय या भक्तिपूर्ण संदर्भों में पाया जाता है। यह नाम ह्लक्रिड़ शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है खेलना या खिलौना बनाना। यह कृष्ण के सबसे प्रिय पहलुओं में से एक को दशार्ता है, उनका खिलौना, खेलना और शरारती स्वभाव, विशेष रूप से उनके बचपन और युवावस्था में उनकी भूमिका को परिलक्षित करता है। केएम विश्वविद्यालय में यह पहला आयोजन वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, केएम परिवार के डाक्टर्स, डीन, प्रोफेसर्स, एचओडी, स्टूडेंटस और समस्त सदस्य कृदय 2025 महोत्सव में भारतीय संस्कृति के साथ अपनी कला, और रचनात्मकता का जश्न 24 फरवरी से 2 मार्च तक विश्वविद्यालय के भव्य प्रांगण में देखेंगे।

विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि कृदय 2025 के आयोजन में खेल, लिटररी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभागी स्टूडेंट भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप प्रदर्शित करेंगे। विवि के प्रो. कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के तीन हजार छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में अपनी कला का जादू बिखेरेंगे, जिसमें रेजीडेंटस चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया केएम का वार्षिकोत्सव कृदय 2025 के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध गायक हेमंत ब्रजवासी, अजय हुड्डा व गायिका खुशी वालियान अपना जलवा बिखेरेंगे, साथ ही विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राएँ विभिन्न इंवेट कर अपना टेलेंट मंच पर साझा करेगा। इसी को लेकर आज विवि परिसर में पोस्टर विमोचन किया गया है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, अस्पताल जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा, आशीष शर्मा, विवि के सभी संकायों के डींस, प्रोफेसर्स, डाक्टर्स, रेजीडेंटस डाक्टर्स, विवि के सभी संकायों के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## दिल्ली पुलिस के जवान का शव नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला



**कांधला।** छुट्टी से वापस लौट रहे हैड कॉस्टेबल का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बडौत एक नाले में मिला है। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को गांव में लेकर पहुंचे तथा गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान परिजनों में कोहराम मचा रहा। क्षेत्र के गांव जसाला निवासी जगरोशन का पुत्र विपिन चौहान वर्ष 2010 में दिल्ली पुलिस में हैंड कॉस्टेबल के पद पर नियुक्ति हुआ था। वर्तमान में वह सिविल लाईन नई दिल्ली में तैनात था। परिजनों के अनुसार वर्ष 2013 में शादी के कुछ बाद वह दिल्ली में ही किराएं के मकान में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रह रहा था तथा गत सप्ताह वह अपने गांव में छुट्टी पर आया हुआ था तथा 18 फरवरी को वह गांव से वापस ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। किन्तु वह उसके बाद अपनी पोस्टिंग पर नही पहुंचा था तथा उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा था। जिसके बाद से परिजन उसकी तालाश कर रहे थे। गुरूवार को परिजनों को पता चला कि विपिन चौहान का शव जनपद बागपत के बडौत में एक नाले से बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजन सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंचे। जहां से पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही बागपत पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं देर शाम विपिन के परिजन उसका पोस्टमार्टम होने के बाद शव को लेकर गांव में पहुंचे। जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। विपिन की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक बेटी 10 वर्ष तथा अरनव 07 वर्ष छोड गया है।

## उत्तराखंड में सशक्त भू- कानून बनने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** उत्तराखंड में सशक्त भू-कानून बनने पर भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, निवर्तमान जिपं सदस्य जनार्दन लोहनी, व्यापार संघ अध्यक्ष महेश बिष्ट ठाकुर, राजू नेगी, चंदन बोरा, रोहित पांडे, रोहित कुमार, भुवन जोशी, दीपक खुल्बे, हेम रावत, डीके जोशी, अभय नेगी, महेश पांडे, विनोद पांडेय, रमेश जोशी, रमेश जोशी, हीरा लाल, धनराज सिंह दानू आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुकम्मल दीन पर अमल करें, अक्ल के घोड़े न दौड़ाएं: मौलाना

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ब्लॉक सेमरियावां के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व मौलाना अब्दुल वहाब की ग्राम पंचायत देवरिया नासिर में बुधवार की रात जलसा दस्तारबंदी एवं कुरान कुरान के महत्व पर मदरसा रहमानिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसे के दो छात्र हामिद रशीद पुत्र अबू नजर और मो सुहेल पुत्र इनामुल्लाह हाफिज ए कुरान बनने पर मुख्यातिथि मौलाना डाक्टर मो असजद नदवी ने दोनो बच्चों के सर पर पगड़ी बांधकर हाफिज ए कुरान की सनद दी साथ ही ढेर सारी दुआएं और आशीर्वाद दिए। पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया।

जलसे में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मौलाना डाक्टर मो असजद कासमी ने कहा कि वालदेन अपने बच्चों के लिए सब कुछ कुर्बान करने के लिए तैयार रहता है।


बेवफाई के साथ रिश्ते बाकी नहीं रहते। बेवफाई को कबूल नहीं किया जाता है न ही अच्छी नजर से देखा जाता है। जो अच्छा लगा मान लिया जो अच्छा नहीं लगा छोड़ दिया। ऐसे लोग अपनी करतूत की सजा पायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी तरह शरियत का पालन करें। मुकम्मल दीन पर अमल करें। अक्ल के घोड़े न दौड़ाओ, दिल की सच्चाई के साथ अल्लाह उसके रसूल की बातों को मानें। शरियत पर सौ फीसद अमल करें। शादी, बारात, जहेज, लेनदेन, गलत रस्म रिवाज को छोड़ें। मामलात कारोबार, लेन देन सब काम हलाल पर हों। हलाल के साथ हराम को मिक्स न करें। वालदेन की हिस्सों में बेटियों को हिस्सा दें। निकाह के मेहर की अदायगी जरूर करें। मुकदमा बाजी का कल्चर बढ़ता जा रहा है। मुकदमे मीराश में अपने बच्चों को देते जा रहे हैं, इससे बचें। अल्लाह के साथ सौ फीसद वफाई का रिश्ता हो।

इस कार्यक्रम में मौलाना शफीक अहमद कासमी आजमगढ़ ने कुरान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो दूसरों को फायदा आराम पहुंचाए। कुरान सीखो और सिखाओ ये बहुत फायदेमंद है। ये बहुत बड़ी इबादत है। हाफिज सिराजुद्दीन ने नात पाक पेश किया। मदरसे के बच्चों ने भी विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मो अफ्फान ने किया।

इस जलसे में दूर दराज से आए लोग शरीक हुए। प्रोग्राम में मौलाना मो मोबीन, मौलाना अब्दुल गफ्फार, मौलाना मो शाहिद कासमी, मौलाना अब्दालूल हक, मौलाना खुर्शीद अहमद, कारी नसीरुद्दीन, मो सुलेमान चौधरी प्रधान प्रतिनिधि, जफीर अली करखी, ऐनुल्लाह, अब्दुर्रहमान, अबूहुरैरा, हिफजुर्रहमान, मौलाना रईस अहमद, अबरार अहमद, मुश्ताक अहमद, अब्दुल हई, मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में 50 लाख से ऊपर लागत के निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की हुई समीक्षा, दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में 50 लाख से उपर की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए।

समीक्षा के दौरान पी0डब्लू0डी0, सिडको, राजकीय निर्माण निगम, यू0पी0पी0सी0एल0, सी0एन0डी0एस0, आवास विकास परिषद सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में निमार्णाधीन कार्यो को पूर्ण कर गुणवत्ता की जांच कराते हुए सम्बंधित विभाग को हैण्डओवर करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नये कार्यो में टेण्डर आदि की प्रक्रिया की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया कि जनपद में भ्रमण के दौरान विभाग से सम्बंधित एवं विकासपरक निर्माण कार्यो को चिन्हित करते हुए तथा स्थानीय मा0 जनप्रतिनिधिगणों से विचार विमर्श कर स्टीमेट एवं प्रस्ताव भेजे, जिससे अंतिम निर्णय लेते हुए स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर भेजा जा सके।

उन्होंने कहा कि जनपद के विकास हेतु मा0 जनप्रतिनिधिगणों के साथ मिल कर इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि कहां पर कौन से निर्माण कार्य कराया जाना आवश्यक एवं जनहित में होगा।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार श्रीवास्वत, अधि0अभि0 पी0डव्लू0डी0 आर0के0 पाण्डेय, जिला पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, ए0डी0एस0टी0ओ0 रवीन्द्र यादव, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## जैन स्थानक भवन में हुआ धर्मसभा का आयोजन, धर्म गुरुओं ने दिए प्रवचन

**कांधला।** जैन स्थानक के निहाल भवन में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए गुरूओं ने फरमाया कि मनुष्य हर समय अभिमान करता है कि यह मकान मेरा है, यह नौकर चाकर मेरे है, परन्तु मनुष्य नही सोचता कि मृत्यु के महामार्ग पर तुझे अकेला ही चलना होगा। जीवन में कोई साथी और कोई वस्तु स्थाई नही है। गुरूवार को धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए पंडित रत्न शास्त्री श्री उपेन्द्र मुनि जी ने कहा कि जब तुम्हारे जाने की बारी आयेगी। तब तुम जिस प्राण प्यारी पत्नी पर गर्व करते हो, वह मृत्यु के समय विलाप करती हुई एक कोने में बैठी रहेगी। तेरे ऊपर अत्यन्त स्नेह रखने वाली माता भी घर के बाहर केवल दरवाजे तक पहुंचाने आयेगी तथा स्वजन परिजन मित्रजन केवल शमशान तक ही साथ आयेगें। इससे आगे नहीं और जिस शरीर से तुम्हारा निकट का सम्बन्ध है, वह भी शमशान में जलकर राख हो जायेगा।

## प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में महिला मजदूर अधिकार सम्मेलन में महिला मजदूरों ने मांगा रोजगार

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मनरेगा मजदूर यूनियन व समता किशोरी युवा मंच द्वारा गुरुवार को महिला मजदूर अधिकार सम्मेलन का आयोजन आराजी लाइन ब्लाक के प्रतापपुर गांव स्थित रामलीला मैदान में किया गया। सम्मेलन में संगठन से जुड़ी 30 गांव की हजारों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पिपल्स वर्कर्स कोलिएशन द्वारा जारी देशव्यापी श्रमिक सम्मान यात्रा सम्मेलन स्थल पर पहुंची, सभी यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

यात्रा का संयोजक प्रकाश कुमार ने बताया कि यह यात्रा पिछले 25 दिनों से चल रही है, जिसकी शुरूआत दीघा से हुई है और समापन दिल्ली में होगा जहाँ मजदूरों की मांगो को सरकार के सामने रखा जायेगा। सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को समाज मे बराबरी का हक मिले, मनरेगा अंतर्गत साल में दो सौ दिनों का काम मिले, एक दिन की मजदूरी 800 रुपये मिले, सभी का स्वास्थ्य कार्ड बने, राशन कार्ड पर प्रतिमाह 15 किलोराशन के साथ खाद्य तेल, गैस सिलेंडर और सुखी सब्जी मिले, सभी बुजुर्ग महिला मजदूरों को पेंशन की मांग किया गया। सम्मेलन में मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि महिलाओं को कभी दुर्गा, कभी काली के नाम पर पूजा तो जाता है, पर समाज में इनके साथ शोषण भी किया जाता है इसके लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा और अपने हक के लिए अपनी आवाज को बुलंद करना होगा। हमे वोट की चोट करनी पड़ेगी तभी हमे हमारा हक अधिकार मिलेगा

सम्मेलन में सुरेश राठौर, डॉ महेन्द्र सिंह पटेल, योगिराज, मुकेश प्रधान, महेन्द्र, राम सिंह, ओमप्रकाश, बृजेश यादव, प्रीति, राजेश उपाध्याय, प्रेम, सिमरन, आराधना, पूजा, प्रतिभा, प्रिया, शीला, रीता, मंगरा आदि लोग शामिल हुए।

# हम, हमारा अस्तित्व और संविधान" विषय पर कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**निजामाबाद आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम खुटहना/मोहज्जबपुर स्थित अल-फारुक पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह अल्फाज 4.0(डाक्टर शमीम अहमद खान साहब की याद में) एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस भव्य आयोजन में विद्यार्थियों,शिक्षकों,अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के सीनियर एडवोकेट जेड के फैजान रहे ।कार्यक्रम के संरक्षक विश्विख्यात इस्लामिक विद्वान मौलाना ताहिर मदनी रहे ।तथा अध्यक्षता प्रोफेसर मोहम्मद खालिद ने की ।विश्वविख्यात लाइब्रेरी




दारूल मुसन्नफीन के सीनियर रफीक मौलाना उमैर सिद्दीक नदवी, मौलाना ताहिर जमाल और हाफि ज दानिश फलाही के साथ साथ डाक्टर सलीम मोहम्मद खान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ।कार्यक्रम का शीर्षकऱ्हम हमारा अस्तित्व और संविधान था।

कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन की तिलावत से हुई ।इसके बाद विद्यार्थियों ने नाटक,कविताएं और भाषण जैसी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर मोहम्मद जीशान ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक,खेल और अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिस में समाज सेवा व पत्रकारिता जगत में



उत्कृष्ट कार्य करने पर साजिद अरशद को ताहिर मदनी और जेडके फैजान के हाथों मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि और संरक्षक ने पुरस्कार वितरण करते हुए लोगों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया ।पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अब्दुल मतीन लिटरेरी अवॉर्ड दिया गया जो मौलाना कलीम सिफात इस्लाही के हाथ लग ।डाक्टर शमीम अहमद खानऱ्सोशल सर्विस अवॉर्डऱ्सरायमीर वेलफेयर सोसाइटी को दिया गया ।इस अवसर पर

विद्यालय प्रमुख ने कार्यक्रम में आये हुए सभी को धन्यवाद देते हुए सभी अतिथियों,शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की ।कार्यक्रम में जिले भर के गड़मान्यों के अतिरिक्त छेत्र के लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम का अंत देश व दुनिया मे अम्न व शांति की खातिर संरक्षक मौलाना ताहिर मदनी की दुआ पर हुआ।

खास बात यह रही कि कार्यक्रम के अंत तक गणमान्य नागरिकों का लगातार आगमन होता रहा और आये हुए सभी लोगों ने कार्यक्रम और व्यवस्थाओं की खूब प्रशंसा की।

# सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक मिनी स्वास्थ्य कैम्प का किया आयोजन

वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** दिनांक 20 फरवरी 2025। उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अन्तर्गत सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के तहत महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद की अध्यक्षता में फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर निःशुल्क मिनी स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा, डा0 रीना प्रसाद, मेडिकल चिकित्सालय की डा0 अर्चना, नोडल अधिकारी सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र डा0 मनोज खत्री (फिजीशियन), एसएमओ डा0 राकेश द्वारा प्रतिभाग कर मिनी स्वास्थ्य कैम्प की शुरूआत की गयी। कैम्प में आने वाले जनमानस एवं रोगियों को एचआईवी/एड्स,




आरटीआई/एसटीआई, क्षय रोग एवं हेपेटाईटिस बी व सी की जानकारी देकर उनके लक्षणों को बताते हुये कैम्प में कुल 130 पंजीकरण कराये गये। कैम्प में आने वाले लोगों जिनके परिवार के सदस्य प्रवासी है को विशेषकर जांच कराने के एवं एट रिस्क निगेटिव व विसंगत पार्टनर के खतरों के लक्षणों के बारे में बताया गया तथा सामान्य रोगियों को सलाह एवं सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के विषय में जानकारी देते हुये सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक कैम्प की आवश्यकता एवं उद्देश्य को पूरा करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के कार्यो को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के प्रबन्धक अमित कुमार सरकार, परामर्शदाता राहुल यादव एवं अर्चना श्रीवास्तव, ओ0आर0 डब्ल्यू इन्द्र प्रताप सिंह व सुमन मिश्रा एवं टीआई संस्था के स्टाफ एवं लैब टेक्निशीयन व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बीआरसी उसका बाजार में नवागत बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत



**उसका/सिद्धार्थनगर।** बीआरसी उसका बाजार में नवागत बीईओ ओमप्रकाश मिश्र का स्थानान्तरण हुआ है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को डायरी एवं बुके भेंटकर उनका स्वागत किया।संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह की अगुवाई में पदाधिकारियों ने शिक्षकों के सेवा पुस्तिका को अद्यतन पूर्ण करने के लिए कहा।नॉमिनी का विकल्प भी सेवा पुस्तिका में अंकित करने के लिए कहा। पदाधिकारियों से बातचीत में बीईओ ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए पूर्ण रुप से प्रयास करेंगे।ब्लॉक को निपुण बनाने में शिक्षकों से सहयोग करने की अपेक्षा की है। इस दौरान अभिषेक मिश्रा, अमित पाण्डेय, रामसेवक गुप्ता, अजीजुर्रहमान, राघवेन्द्र त्रिपाठी, श्यामसुन्दर यादव, अखिलेश यादव, बालजी गोस्वामी, बृहस्पति पाण्डेय, मनोज गौड़ आदि मौजूद रहें।

# महाशिवरात्रि पर्व से पहले एसपी ने किया रूट डायवर्जन

**हाथरस।** यूपी के हाथरस में महाशिवरात्रि पर्व के लिए यातायात को व्यवस्थित करने और सकुशल चलने के लिए एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने गुरुवार को रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया है कि 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाना प्रस्तावित है ।जिसमें जनपद कासगंज-बुलन्दशहर से विभिन्न घाटों पर से जल भर कर अपने-अपने गन्तव्य शिव मन्दिरों पर जलाभिषेक किया जाता है ।जिसमें अधिक संख्या में काँवडियों का आवागमन रहता है ।उक्त काँवडियों की सुरक्षा-यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिनांक 22 फरवरी 2025 को समय प्रातः 8 बजे से दिनांक 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व समाप्ति तक निम्न प्रकार रूट डायवर्जन किया जाना आवश्यक है ।

आगरा की ओर से आने वाले मध्यम-बडे वाहन नगला भुस तिराहा थाना चन्दपा से वाई पास होते हुये बाया हतीसा पुल, जनपद अलीगढ की ओर जायेगे, वही अलीगढ की तरफ से आने वाले मध्य-बडे वाहन रूहेरी तिराहा कोतवाली हाथरस गेट से वाई पास होते हुये बाया हतीसा पुल, जनपद मथुरा, आगरा की ओर जायेगे ।सिकन्द्राराऊ की ओर से आने वाले मध्यम-बडे वाहन मेडू बाईपास कोतवाली हाथरस जंक्शन से हाथरस वाईपास होते हुये बाया रूहेरी कोतवाली हाथरस गेट वाईपास होते हुये बाया हतीसा पुल,जनपद अलीगढ, मथुरा,आगरा की ओर जायेगे ।मथुरा की ओर से आने वाले मध्यम-बडे वाहन हतीसा पुल के ऊपर बाईपास से होते हुये जनपद आगरा, अलीगढ की ओर जायेगे ।जलेसर की ओर से आने वाले मध्यम-बडे वाहन जलेसर की ओर से आने वाले बडे-मध्यम वाहन चामड गेट चौराहा होते हुये बाया डीआरबी तिराहा,नगला भुस बाईपास होते हुये जनपद आगरा,अलीगढ जायेगे ।जनपद कासगंज की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के मध्यम-बडे वाहन सर्दला पुल से बाईपास होते हुये जनपद एटा-अलीगढ होते हुये अपने गन्तव्य स्थान को जायेगें ।जनपद एटा की ओर से आने वाले मध्यम-बडे वाहन अलीगढ-एटा बाईपास होते हुये अपने गन्तव्य को जायेगें । जनपद कासगंज से मथुरा रोड पर दिनांक 22 से 26 तक बडे-मध्यम वाहनों का आवागमन पूर्णतय प्रतिबन्धित रहेगा ।

# सवर्ण आर्मी मथुरा ने पीड़ित सवर्णों को न्याय दिलाने के लिए दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** जिला प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना अंतर्गत ग्राम-बोधी पुरवा,पोस्ट-झींगुर निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद की पुत्री सोनम 14 वर्ष को गांव के ही अंकुश सरोज उर्फ गोलू पुत्र बंसीलाल सरोज ने अपहरण कर लिया, जिसकी शिकायत तुरंत ही थाना महेशगंज में की गई।शिकायत के 2 महीने बाद तक पुलिस द्वारा लड़की बरामद नहीं की गई न ही घटना में सम्मिलित दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की। पीड़ित परिवार ने पुलिस के उच्च अधिकारियों व पुलिस कप्तान से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई इसके बाद भी लड़की की बरामदगी नहीं हुई तो सवर्ण आर्मी के कार्यकताओं ने थाना महेशगंज के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की और लिखित में एक ज्ञापन भी दिया।

इसके बाद भी अपहृत बच्ची की



बरामदगी नहीं हुई तो सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी थाने पर पहुंचकर शांतिपूर्ण व संवैधानिक ढंग से कार्यवाही की मांग किये जिसके वीडियो फुटेज वह फोटो इत्यादि मौजूद हैं।वहां पर ना तो किसी का रास्ता रोका गया ना ही किसी प्रकार के सरकारी काम में व्यवधान उत्पन्न किया गया। बावजूद इसके सवर्ण आर्मी के 28 नामजद तथा 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओ में केश दर्ज कर लिया। पुलिस ने यह कार्यवाही केवल अपनी कमी छिपाने तथा समाज को भयभीत करने के लिए की है। विवेचक द्वारा पीड़ित परिवार से घूस मांगने के भी समाचार प्रकाशित हुए हैं। इस संदर्भ में

सवर्ण आर्मी मथुरा माननीय जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया ज्ञापन देने में प्रदेश सचिव चंद्रप्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष लोकेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश तिवारी जी, सोनू शर्मा जी, रामेश्वर दयाल शर्मा जी, सालिगराम जी, शिवकुमार दीक्षित गुरन उपाध्याय, आदि संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेमी के घर गर्भवती युवती बैठी धरने पर

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना क्षेत्र कठेला समय माता अन्तर्गत गुरुवार को बंदुआरी गांव में कुंवारी गर्भवती प्रेमिका का मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें कि थाना कठेला समय माता के ग्राम बंदुआरी स्थित प्रेमी के घर पहुंचकर कुंवारी गर्भवती युवती (प्रेमिका) ने धरने पर बैठ गयीं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती (प्रेमिका) प्रेमी के घर रहने की जिद कर रही है और प्रेमी के घरवालों ने अन्दर से दरवाजा बन्द कर लिया है। आपको बता दें कि युवती (प्रेमिका) लगभग 5 महीने की कुंवारी गर्भवती हैं, जिसको सुनकर प्रेमी के परिवार वालों ने दूरी बनाई है।वहीं युवती (प्रेमिका) ने कुछ दिन पूर्व त्रिलोकपुर थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की थी।युवती (प्रेमिका) थानाक्षेत्र त्रिलोकपुर अन्तर्गत अज्ञात गांव की निवासी है।वहीं पीड़िता युवती (प्रेमिका) ने हताश होकर डायल 112 नम्बर पर शिकायत कर दी। प्रेमी के घर धरना लेकर कठेला समय माता पुलिस ने युवती (प्रेमिका) को उसके घर भेजने की कोशिश किया किन्तु युवती (प्रेमिका) अपने जिद पर अड़ी है कि मैं अपने प्रेमी के घर ही रहूंगी।

# शादी समारोह में शामिल सपा नेता की बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

वेलकम इण्डिया

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना क्षेत्र ढेबरूआ के पुलिस चौकी बढ़नी अन्तर्गत नगर पंचायत बढ़नी में एक ही रात में दो जगहों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर नवागत थाना प्रभारी गौरव सिंह को चुनौती दे दी है। नगर पंचायत बढ़नी स्थिति मैरेज हॉल में शादी समारोह कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें शामिल होने के लिए गये सपा नेता की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर, बाइक लेकर फरार हो गये है।सपा नेता मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद याकूब नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नं0-7 ने ढेबरुआ पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार की बीती रात लगभग 8 बजे के आस-पास दिनांक 19/02/2025 को मिल कालोनी मैरेज हाल बढ़नी में एक शादी समारोह में गये थे। मैरेज हाल के बाहर गाड़ी खड़ी करके अन्दर शादी समारोह में गया कि लगभग 9:30 बजे के आस-पास वापस



आने पर देखा तो जहां मोटर साइकिल खड़ी की थी, वहां से गायब मिली।काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटर साइकिल नहीं मिली जिसका मोटर साइकिल का रजिस्ट्रेशन वढ55 ख 8031 (सुपर स्प्लेंडर) है।पीड़ित सपा नेता ने थानाध्यक्ष ढेबरूआ/चौकी प्रभारी बढ़नी को मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दे दिया है।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष ढेबरूआ/चौकी प्रभारी बढ़नी ने बताया कि चोरी हुई मोटरसाइकिल संज्ञान में है, चोरी हुई मोटर साइकिल को जल्द से जल्द बरामद किया जायेगा।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मोटरसाइकिल को किया कुर्क



वेलकम इण्डिया

**मोहाना/ सिद्धार्थनगर।** उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्या के नेतृत्व में वृहस्पतिवार को थाना लोटन में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता द्वारा धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सलीम उर्फ भुड्डूर पुत्र बाबूल्लाह ग्राम भगवानपुर टोला महलपुर थाना मोहाना द्वारा अपराध से अर्जित धन से अपने नाम से क्रय की गई एक टीवीएस मोटर साइकिल न0- वढ 55 र 2015 को 15 हजार रुपया में विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत धारा 14(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया।

कुर्क करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी नौगढ कल्याण सिंह मौर्या, प्रभारी निरीक्षक लोटन राजेश कुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष मोहाना अनूप कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल संजय गुप्ता, कांस्टेबल सौरभ कुमार सिंह मौजूद रहें।

# धार्मिक स्थल के बाहर मास के अवशेष मिलने पर दौड़ी पुलिस

**कांधला।** एलम के श्री शिव दुर्गा मंदिर के सामने प्रांगण के बाहर मुर्गे के अवशेष मिलने की सूचना मंदिर कमेटी ने थाना प्रभारी को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करते हुए नगर पंचायत एलम के सफाईकर्मचारियों को मौके पर बुलाकर सफाई कराते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

एलम के मैन बाजार सुभाष नगर में श्री शिव दुर्गा मंदिर स्थित है।गुरूवार की दोपहर को मंदिर कमेटी को सूचना मिली कि किसी के द्वारा मंदिर के प्रांगण के बाहर किसी जानवर के अवशेष डाल दिए है।सूचना पर पुलिस विभाग में हंडकंप मच गया। पुलिस ने आनन फानन में मौके पर पहुंच कर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर वहां से सफाई करा दी। जिसके बाद पुलिस मंदिर कमेटी के लोगों को विश्वास में लेकर ने बाजार में लगे सीसीटीवी टीवी कैमरों की जांच पडताल शुरू की।

## डुमरियागंज सांसद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर

# जिले की 2 मार्गो के नवीनीकरण व एक मार्ग के चौड़ीकरण का दिया प्रस्ताव

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जिले की 2 मार्गो के नवीनीकरण व एक मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव दिया। साथ ही बढ़नी बाजार के फोरलेन बाईपास ओवर ब्रिज की मंजूरी भी मिल गई है, संसद के इस प्रयास की सराहना पूरे जिले में की जा रही है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात कर 09 किलोमीटर लम्बे भड़रिया से बढ़नी चाफा मार्ग के नवनिर्माण का प्रस्ताव दिया। साथ ही इस सड़क की स्थिति खराब होने से आमजन को आवागमन में हो रही असुविधा के बारें में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इस मार्ग को कार्य योजना में सम्मिलित प्रमुख अभियन्ता विकास



लोग निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को बहुत पहले ही भेजा जा चुका है।इसी प्रकार भनवापुर से बेवा चौराहे तक मार्ग के जर्जर स्थिति को सांसद ने मुख्यमंत्री से बयां किया।उन्होंने कहा कि 15 किमी लम्बी इस मार्ग पर वाहनों का काफी दबाव रहता है।

उक्त मार्ग का एस्टीमेट लोग निर्माण विभाग के लखनऊ कार्यालय में आ चुका है।नेपाल बॉर्डर को जोड़ने वाले डुमरियागंज से देबरुआ मार्ग चौड़ीकरण की मांग सांसद ने मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा।यह सड़क वर्तमान में 07 मीटर चौड़ी है, जो नवीनीकृत होकर 10 मीटर चौड़ी होने के बाद लोगों को जाम की समस्या के साथ-साथ आवागमन की सुविधा भी सामान्य होगी। डुमरियागंज सांसद के इस अथक और सराहनीय प्रयास की सराहना पूरे जिले में की जा रही है।

# डीएम ने सिंचाई विभाग, ड्रेनेज खण्ड के कार्यों व बाढ़ कार्यों को लेकर किया समीक्षा बैठक

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** सिंचाई विभाग/ड्रेनेज खण्ड के कार्यों/बाढ़ कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 को अवगत कराया कि बसंतपुर में बेलभरिया इटवा तहसील में नये तट बन्ध का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।टेंडर होने के बाद शासन से अनुमति मिलने के बाद मार्च के दूसरे साप्ताह से कार्य शुरू होगा। जून के प्रथम सप्ताह तक कार्य पूर्ण करा लिए जाने का आश्वसन दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्य स्थल पर लागत





एवं समस्त विवरण का साईन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।इस दौरान डी सी मनरेगा संदीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीएमयू में डॉ. विजय बोले, डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी से स्वास्थ्य शिक्षा में बड़े बदलाव

वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद के इंस्टिट्यूट ऑफ किडनी डिसीज एंड रिसर्च सेंटर-आईकेडीआरसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल डॉ. विजय कुमार गौतम ने टेक्नोलॉजी एंड हैल्थ पर बोलते हुए कहा, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य शिक्षा का समाज में महत्वपूर्ण योगदान है। डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य शिक्षा में व्यापक बदलाव किए हैं, जिससे समाज को स्वास्थ्य से जुड़ी हर तरह की जानकारी प्राप्त करना आसान हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, स्मार्टफोन एप्स, टेलीमेडिसिन, इंटरनेट शिक्षा आदि पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. विजय तीर्थंकर महावीर



यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से विस्तृत क्षितिजः सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा में नवीनता के माध्यम से सतत भविष्य की ओर पर ब्लेंडेड मोड में आयोजित दो दिनी नेशनल सेमिनार में बोल रहे थे। इससे पूर्व टीएमयू हॉस्पिटल में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की एचओडी प्रो. साधना सिंह, टीएमयू नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास, कम्युनिटी नर्सिंग विभाग के एचओडी डॉ. रामकुमार गर्ग आदि ने मां सरस्वती

■ **तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से विस्तृत क्षितिज: सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा में नवीनता के माध्यम से सतत भविष्य की ओर पर ब्लेंडेड मोड में नेशनल सेमिनार**

के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके नेशनल सेमिनार का शुभारम्भ किया।

एमएम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, मुलाना हरियाणा की डॉ. उमा डियेवर ने पॉलिसी एंड एडवोकेसी इन कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन पर बोलते हुए नीतियों और समर्थन के महत्व के संग-संग इनके जरिए स्वास्थ्य शिक्षा में सुधार जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। विलडियस श्री वीएम पाटिल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, विजयपुर की उप प्रधानाचार्य डॉ. सुचितरा ए. राठी ने कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन में चुनौतियां और अवसरों पर बोलते हुए कहा, कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन में एक ओर तमाम चुनौतियां हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वर्णिम करियर के भी तमाम विकल्प मौजूद हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें सटीक योजनाएं और रणनीतियां बनानी होंगी। उन्होंने कम्युनिटी हैल्थ एजुकेशन की चुनौतियों- सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं, सूचना का अभाव, आर्थिक प्रतिबंध, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में कमी आदि का समाधान करते हुए करियर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। नेशनल सेमिनार में श्री गौरव कुमार, श्रीमती पूजा झा आदि ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।

# सात दिवसीय शिविर के समापन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न साँस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि कमल वीर सिंह, शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक चांदपुर, विशिष्ट अतिथि एकता चौधरी, सभासद मोहल्ला विवेक नगर एवं प्राचार्या प्रोफेसर साधना द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मोहम्मद साजिद अंसारी ने एक बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया जिसने सभी का मन मोह लिया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने मिष्ठी एवं कनुप्रिया को नृत्य के लिए 500-500 रुपए का नगद इनाम दिया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महिपाल सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से खुश होकर अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद साजिद अंसारी, कुमारी मनु वर्मा, रंजीत कुमार एवं सोनू कुमार को 500-500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया।

मुख्य अतिथि श्री कमल वीर सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं संबोधित करते हुए कहा कि उनको सफलता प्राप्त करने के लिए पूर्ण मनोयोग से अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए सैनिकों से संबंधित एक कविता पाठ भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस अवसर पर स्टेट बैंक चाँदपुर के सुनील कुमार शर्मा, मोहल्ला विवेक नगर की सभासद एकता चौधरी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र इकाई के सहायक परियोजना अधिकारी सन्नी कुमार एवं छात्रा इकाई की सहायक परियोजना अधिकारी पूजा राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, सौरभ चौहान, रवि कुमार, सौरभ, संजय, धर्मेंद्र, सोनू का विशेष योगदान रहा।

## ट्राई साइकिल पर अज्ञात दिव्यांग युवक का मिला शव

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** कल्लीपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सामने हाइवे के सर्विस रोड के किनारे एक गोमती के पास गुरुवार की सुबह ट्राई साइकिल पर एक 40 वर्षीय दिव्यांग युवक का शव पड़ा था।सुबह टहलने निकले ग्रामीणों को शव दिखाई दिया।जिसके बाद ग्रामीणों ने शव की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया।सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई महेंद्र सरोज ने दिव्यांग के शव को कब्जे में लेकर जेब की तलाशी लिए लेकिन कोई भी जेब में कागजात या आईडी कार्ड न मिलने के कारण दिव्यांग की पहचान नही हो पाई।दिव्यांग युवक के चेहरे पर साइड से चोट लगा हुआ था जो सड़ चुका था।जिससे ये लग रहा था चोट काफी पुराना है।वही ग्रामीणों ने बताया कि युवक करीब दो दिनों से क्षेत्र में ही ट्राई साइकिल से घूम रहा था कुछ विक्षिप्त लग रहा था।युवक औरेंज कलर का शर्ट व हाफ स्वेटर पहना हुआ था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेजवा दिया।इस बाबत चौकी प्रभारी खजुरी अनिकेत श्रीवास्तव ने बताया कि युवक शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकता है।

# विशेष शिविर के तीसरे दिन सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने निबंध के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कॉलेज द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले स्वयंसेवियों लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ युवा बिना हेलमेट और तीव्र गति से वाहन चलाते हैं जो अपने साथ-साथ रहागीरों के भी प्राण संकट में डालते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिदिन असंख्य लोग सड़क पर असावधानी के कारण ही दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सदैव अपनी दिशा में चलें। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कभी भी नशे की हालत में वाहन नही चलाएं। शिविर के अंत में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने संपूर्ण दिन की कार्यक्रम आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी ग्रामीणों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें। वहीं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने ग्राम अजुपुरा में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सड़क सुरक्षा पर बात की। और ग्रामीणों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रथम इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत, द्वितीय इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी पिंकी यादव, नीशु देवल, रुक्मिणी देवी, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉआरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी आशु गोयल कांवड़ियो की सेवा करते हुए



**चांदपुर।** समाजसेवी आशु गोयल हर वर्ष की भांति इस वर्ष की शिवरात्रि के पावन पर्व पर कावड़ ला रहे कांवड़ियों की सेवा में लगे हुए हैं। आशु गोयल शिव भक्तों को रेलवे फाटक पर निशुल्क फल व पानी देकर उनकी सेवा कर रहे हैं। समाजसेवी आशु गोयल ने कहा कि शिवरात्रि की कावड़ हो या सावन माह की कावड़ मैं हर वर्ष इसी तरह शिव भक्तों की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।

# राखी उपासना को सुधा स्वर भारती की ओर से किया गया सम्मानित



**धामपुर ।** सुधा स्वर भारती संस्था की और से काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र, नवीन अग्रवाल व संस्था की सयोंजक शिवानी अग्रवाल व कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राम सुमन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल शर्मा कार्यक्रम सयोंजक काव्यांश अग्रवाल द्वारा राखी उपासना को सात माह तक वृक्षारोपण व निशुल्क तुलसी वितरण व घर घर महाकुंभ जल अभियान के लिए पटका पहनाकर व सम्मानपत्र भेट करके सम्मानित किया गया। काव्यगोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अनिल शर्मा अनिल द्वारा महाकुंभ में प्रसिद्धि प्राप्त करने वाली मोनोलिसा के नयन बहुत सुंदर गीत व प्रेम है बांसुरी गीत प्रस्तुत किया, राखी उपासना द्वारा कैसी मुलाकात है हुई नहीं बात है सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ जितेन्द्र कौशिक द्वारा एक सुंदर मुक्तक प्रस्तुत किया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र नवीन अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हंगामा लोक साहित्यिक, सामाजिक संस्था की संस्थापिका राखी उपासना कौशिक को सात माह तक वृक्षारोपण व निशुल्क तुलसी वितरण व घर घर महाकुंभ जल अभियान के लिए उनकी संस्था सुधा स्वर भारती की ओर से सम्मानित किया गया है दिनेश चन्द्र नवीन अग्रवाल द्वारा राखी उपासना को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गयी। कार्यक्रम के अंत में आज तुम्हारी याद में तरसे गीत कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार श्री राम सिंह सुमन द्वारा सुनाया गया।

# वामपंथी पार्टियों का केंद्रीय बजट के विरुद्ध डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन



**मथुरा।** वामपंथी पार्टियों सी पी आई, सी पी एम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले की ओर से संयुक्त प्रदर्शन जिला अधिकारी कार्यालय मथुरा के सामने किया गया। जिसमें देश के 200 अरबपतियों पर चार परसेंट की संपत्ति कर लगाने, कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी प्रदान करने, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण हर हाल में रोकने, बीमा क्षेत्र की 100% विदेशी निवेश को वापस लानेज मनरेगा के लिए बजट में 50% वृद्धि करते हुए शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लागू करने ल, जीडीपी का 3% स्वास्थ्य व 6% शिक्षा पर आवंटित किए जाने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करते हुए सब्सिडी बधाई जाने, एससी-एसटी महिलाएं बाल विकास के लिए पर्याप्त बजट वृद्धि किए जाने, राज्यों की निधियो के हस्तांक्षण व केंद्र प्रायोजित योजनाओं की वृद्धि किए जाने आदि मांगों को लेकर माननीय राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया। इस प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में गफ्फार अब्बास एडवोकेट, नासिर शाह एडवोकेट, टिकेंद्र सिंह, याकूब शाह राधा चौधरी नरेंद्र सिंह सिसोदिया अब्दुल अशफाक, राकेश बघेल एडवोकेट, हेमलता तरकर, भरत सिंह एडवोकेट, सोहनलाल, कैलाश वर्मा, शिव कुमार एडवोकेट, विशन चंद्र अग्रवाल एडवोकेट, जोनी, दुर्गा प्रसाद, हरिश्चंद्र एडवोकेट, नईम शाह एडवोकेट, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, करन भारती एडवोकेट, योगेंद्र सिंह बघेल एडवोकेट, दिनेश कुमार एडवोकेट, धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट आदि प्रमुख थे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**टाण्डा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र नेकपुर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा इकाई की ओर से कर्तव्य बोध दिवस एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अमर सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि यदि शिक्षक सहित सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन करें और अपने हिस्से की जिम्मेदारी को समझते हुए उसे पूरी निष्ठा से निभाएं, तो यकीनन देश व समाज का बहुत भला होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने कहा कि महापुरुषों के सपनों को साकार करने के लिए हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए।

संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं एसआरजी डॉक्टर सचिन शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। पुरानी पेंशन और आठवां वेतन आयोग जैसी मांगों को प्रभावी तरीके से उठाकर महासंघ ने साबित किया है कि वह शिक्षकों का सच्चा हितैषी है।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह ने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे छात्रों को उत्तम शिक्षा देकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करें। खण्ड प्रचारक सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को असत्य, अज्ञान और अंधविश्वास से दूर कर सत्य और ज्ञान की ओर ले जाने का काम करते हैं। यही उनका सर्वोच्च कर्तव्य और समाज के प्रति उसकी सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ शिक्षक करनपाल सिंह, महिपाल सिंह, हरीश तिवारी, अंजुला सिंह आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के अंत में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्रपाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समाजसेवी रिजवान वफाती, संघ के ब्लॉक महामंत्री संजय सैनी, प्रेमपाल सिंह, संजीव कुमार, मनोज कुमार, आकिल चौधरी, मोहसिन अख्तर, रश्मि चौधरी, चंद्रप्रकाश पंत, पवन कुमार, संजय सिंह, विजेन्द्र सिंह, इमरत कुमार, श्रवण कुमार, रीना, संदीप किरन आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संघ के ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एआरपी मौ0 अनीस ने किया।

## दो बच्चों सहित महिला घर से हुई लापता, पति ने लगाई बरामदगी की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की पत्नी घर से दो बच्चों को लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी दानिश ने बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था और उसकी मां दवाई लेने के लिए डॉक्टर के यहां गई हुई थी। घर पर उसकी पत्नी एवं दो बच्चे थे पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी एवं दो बच्चों को लेकर कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पत्नी एवं बच्चों का कहीं सुराग नहीं लग रहा है। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर अपनी पत्नी एवं बच्चों का हुलिया दर्ज कराते हुए गुमशुदगी की सूचना दी है।

# क्रोध पर नियंत्रण कैसे करें

वेलकम इंडिया


पीयूष अरोड़ा
चांदपुर

आज हमारे परिवार टूट रहे हैं इसका एक कारण क्रोध भी है क्रोध मनुष्य की बुद्धि को हर लेता है। हम लोग अपने आप पर नियंत्रण नहीं कर पाते और क्रोध को अपने ऊपर क्रोध को हावी होने देते हैं जिसके कारण परिवार टूट जाता है यदि हम क्रोध पर नियंत्रण करें तो परिवार टूटने से बच सकता है।

सबसे पहले जब हम उठे तो हम अपने आप पर या किसी पर भी क्रोध न करें सुबह उठकर सबसे पहले ईश्वर वंदना संध्या वंदन अवश्य करें सुबह उठकर हम लोग नित्य कम से निवृत होने के बाद हम लोग अपने आप को ईश्वर वंदना संध्या वंदन या धार्मिक अनुष्ठान में अपने को ले जाएं चाहे कुछ भी हो जाए सुबह उठकर प्रातः के समय के समय कभी भी क्रोध न करें दूसरा भोजन के समय कभी क्रोध न करें भोजन के समय प्रसाद के रूप में उसे ग्रहण करें और उस पर कभी क्रोध न करें उस समय भी कभी क्रोध न करें यदि आप भोजन के समय क्रोध करोगे तो वह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होगा। जैसा कि विद्वानों ने कहा है जैसा खाया अन्-वैसा हुआ मन जैसा पिया पानी वैसे हुई वाणी।

यदि आप घर से कहीं बाहर जा रहे हैं तो क्रोध न करें यदि आप कहीं बाहर जा रहे हैं और आप क्रोध में है तो आपकी यात्रा मैं किसी भी यात्री से विवाद हो सकता है जो आपके लिए कष्टदायक भी हो सकता है जब आप कार्य करके किसी भी जगह से वापस अपने घर आ रहे हो तो क्रोध न करें। आपकी व्यवसाय में या आपके ऑफिस में या व्यवसाय में आपकी मूर्खता से कुछ नुकसान हुआ है तो वह आपकी मूर्खता से हुआ है इसका घर वालों का कोई दोष नहीं इसलिए आप घर आते हुए क्रोध न करें और अंत में रात को सोते हुए कभी भी क्रोध न करें यदि आप इन सब पर नियंत्रण कर लेते हैं तो आप क्रोध पर नियंत्रण कर सकते हैं और काफी हद तक अपने परिवार को टूटने से बचा सकते हैं क्रोध की शुरूआत मूर्खता से होती है और अंत पश्चाताप पर होता है।

# पुलिस मुठभेड़ में छह बदमाश गिरफ्तार एक अभियुक्त शाहरुख के पैर में लगी गोली

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** थाना हाथरस जंक्शन पुलिस ने वाहनपुर टमाटर रोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान भैंस चोरी के मामले में छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें एक बदमाश शाहरुख को पैर में गोली लगी है। जबकि पुलिस ने पांच बदमाशों को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए 6 बदमाश थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मेवली के रहने वाले बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक चिरंजवी नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चोरियों-पशु चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस को चैकिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति-बदमाश पशु चोरी की फिराक में चंदनपुर से वाहनपुर रोड की तरफ जा रहे है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्तियों-बदमाशों को रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। जिसके उपरांत कार्यवाही करते हुए वाहनपुर टमाटर रोड के पास थाना हाथरस जंक्शन पुलिस की बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त शाहरुख उर्फ भूरा घायल हुआ है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया तथा अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु थाना हाथरस जंक्शन पुलिस टीम द्वारा लगातार कांबिंग की जा रही थी।जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा कांबिंग के दौरान 5 अन्य अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो से पशु चोरी के बिक्री के 24, 700 रुपए व अवैध असलाह-कारतूस व चाकू आदि बरामद हुए है। पुलिस ने बताया कि घायल, गिरफ्तार अभियुक्त शाहरुख उर्फ भूरा शातिर किस्म का अपराधी हैं जो पूर्व में जेल जा चुके है । जिसके विरुद्ध नकबजनी, पशु क्रूरता, लूट आदि संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग मिलकर भैंस-पशु चोरी व टप्पेबाजी करते है। हमने दिनांक 27 जनवरी 2025 की रात में ग्राम जैतपुर मे एक घर से 3 भैंस व दिनांक 18 फरवरी की रात में ग्राम नगला भट्टा मेण्डू मे एक घर से 3 भैंस चोरी की थी तथा चोरी की गई भैंसो को हम लोगों ने रुई की पैठ मे बेच दिया था।

# न्यायिक अधिकारी ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिला जज महेन्द्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह-बस्ती में बाल अपचारियों से मुलाकात किया तथा उनके अधिकारों एवं अन्य समस्याओं के बारे में बातचीत किया। वर्तमान में संत कबीर नगर से संबंधित विधि के विरोध में कुल 23 बालक बाल संप्रेक्षण गृह बस्ती में निर्वासित है, सचिव द्वारा सभी बाल अपचारियों से बात चीत की गई तथा बीमार अपचारियों के स्वास्थ संबंधी हाल-चाल लिए गए। उनके पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संप्रेक्षण गृह में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया।

पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा अधीक्षक को साफ-सफाई एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बाल अपचारियों को उनके अधिकारों जैसे - निःशुल्क विधिक सहायत प्राप्त करने, पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता पाने इत्यादि अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक अविनाश पटेल समेत संप्रेक्षण गृह के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीग का आयोजन

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने बताया है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबाल लीग टूनामेंट का आयोजन श्री रघुराज सिंह इंटर कॉलेज झांसी में किया जा रहा है। इस टूनामेंट में चार टीमें झांसी, सागर , बांदा और दतिया प्रतिभाग कर रही हैं। टूनामेंट लीग सिस्टम के आधार पर किया जा रहा है। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी। उदघाटन मैच 21 फरवरी को होगा। प्रतिदिन मैच चलेंगे । पहले ओर दूसरे स्थान पर आने वाली टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला 27 फरवरी को चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के दिन होगा। मैच के संयोजक मंडल में मो. नईम मंसूरी, दीप्ति रजक, मयंक कुशवाहा एवं आयुष तिवारी है।

# यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क किनारे से हटवाया अतिक्रमण



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने बघौली बाजार मे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया तथा फुटपाथ के किनारे अवैध रूप से लगाये गये ठेले, अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग/वाहन स्टैण्ड द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाया गया । आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

# यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने महान योद्धा और कुशल शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लाह से मनाई

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**नई दिल्ली:** यूनाइटेड हिंदू फ्रंट की ओर से आज छत्रपति शिवाजी महाराज का 395वां जयंती दिवस श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अनेक प्रबुद्ध हिंदू नेता एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित थे। मिंटो ब्रिज स्थित छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन भेंट किए गए।यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने इस अवसर पर कहा कि समय आ गया है कि छत्रपति शिवाजी की इच्छाओं के अनुकूल भारत को एक हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए जी- जान से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी को उनके शौर्य, नेतृत्व क्षमता और प्रेरणादायक जीवन के लिए याद किया जाता है। वह भारतीय इतिहास के सबसे वीर और कुशल योद्धाओ में से एक थे। आज विश्व भर के हिंदुओं को शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेकर हिंदुत्व की अलख जागने के लिए आगे आना होगा।अपने संक्षिप्त भाषण में गोयल ने कहा कि 6 जून 1674 के ऐतिहासिक दिवस पर रायगढ़ किले में शिवाजी महाराज ने राष्ट्र को मुगलों के चंगुल से आजाद करवा कर हिंदू राष्ट्र की नींव रखी थी। इसीलिए जब कहीं छत्रपति शिवाजी का नाम आता है प्रत्येक भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। छत्रपति शिवाजी केवल मराठो के ही नहीं बल्कि देशभर के हिंदुओं के सच्चे मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं। गोयल ने कार्यकताओं के समक्ष दोहराया कि शिवाजी की तरह उनके विचार भी बेहद ओजस्वी और जोश से भर देने वाले थे। उनके शौर्य का लोहा करने वाले उनके लाखों अनुयाई प्रत्येक वर्ष शिवाजी का राज्याभिषेक मनाने के लिए रायगढ़ किले में इकट्ठे होते हैं। देश के लिए स्वयं को पूरी तरह न्योछावर करने वाले शूरवीर शिवाजी ने अपना पूरा जीवन मुगलों से लड़ाई करने में व्यतीत किया। शिवाजी बेशक सर्व धर्म समभाव के समर्थन के लेकिन उनका स्पष्ट मानना था कि जो भी संप्रदाय विशेष हिंदुस्तान में रहेगा उसे हिंदुओं को बड़ा भाई मानना होगा।

## जालसाजों ने डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 1.30 लाख रुपये किए साफ

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र के शास्त्रीनगर में जालसाजों ने डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 1.30 लाख रुपये साफ कर दिए। मोबाइल पर रकम निकासी के संदेश आने पर पीड़ित को फजीवाड़े का पता चला, जिसके बाद उसने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।शाहपुर बम्हैटा गांव में रहने वाले सुरेश चंद का कहना है कि उन्हें पैसों की जरूरत थी, जिसके चलते छह फरवरी को वह शास्त्रीनगर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम से पांच हजार रुपये निकालने गए थे।मशीन में डेबिट कार्ड लगाने के बाद प्रक्रिया अपनाने के बावजूद मशीन से पैसे नहीं निकले। सुरेश चंद के मुताबिक इसी दौरान दो लोग पीछे से आए और उनसे डेबिट कार्ड दोबारा से मशीन में लगाने के लिए कहा। आरोप है कि सही तरह से डेबिट कार्ड लगाने की बात कहते हुए एक आरोपी ने उनके हाथ से डेबिट कार्ड लेकर उसे बदल दिया तथा दूसरा डेबिट कार्ड मशीन में लगा दिया।

# जब हौसले बुलंद हो , तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जब हौसले बुलंद हो, तो कोई भी काम असंभव नहीं होता, ऐसा ही एक नजारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती दौड़ के दौरान देखने को मिला, जहां दो माह की एक गर्भवती महिला ने 2.4 किलोमीटर की दौड़ तय समय से 43 सेकंड पहले ही पूरी कर सबको हैरानी में डाल दिया। आपको बता दे कि इन दिनों बरेली के पीएसी ग्राउंड में उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा संचालित हो रही है, जिसमें कुल 14,990 अभ्यर्थी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हाथरस और फिरोजाबाद के अभ्यर्थी शामिल हैं। बुधवार को इसी परीक्षा में शामिल होने के लिए रश्मि नाम की एक महिला अभ्यर्थी पहुंची और बताया कि वह दो माह की गर्भवती है।यह सुनकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।सवाल उठने लगा कि वह दौड़ में कैसे भाग लेंगी।रश्मि ने बताया कि उन्होंने इस दौड़ के लिए अपने डॉक्टर से अनुमति ली है और लगातार प्रैक्टिस कर रही हैं। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया में शामिल डॉक्टरों से उनकी प्रारंभिक जांच करवाई गई।जब डॉक्टरों ने सब कुछ सही पाया, तो रश्मि से एक स्व-घोषणा पत्र लिया गया, जिसमें उन्होंने दौड़ने की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली।जिसके बाद रश्मि ने जो किया वह वाकई ही कमाल था, रश्मि को 14 मिनट में 2.4 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी।उन्होंने दौड़ना शुरू किया और हैरानी की बात यह रही कि उन्होंने यह दूरी तय समय से 43 सेकंड पहले ही पूरी कर ली।दौड़ पूरी होते ही डॉक्टरों ने उनका फिर से चेकअप किया और सब कुछ सामान्य मिलने पर राहत की सांस ली। दौड़ पूरी करने के बाद रश्मि के चेहरे पर खुशी साफ तौर पर देखी जा सकती थी। पुलिस भर्ती परीक्षा में रश्मि जैसी अभ्यर्थियों की मेहनत और दृढ़ संकल्पता यह साबित करती है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

## डीएम/एसपी ने महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत हापुड़ जंक्शन का निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/हापुड़ जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान हुए हादसे को लेकर सतर्कता बरतने के साथ महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा स्टेशन मास्टर जीआरपी,एवं आरपीएफ के साथ हापुड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन का भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध यात्रा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

# अवसान माई की पूजा कर महिलाओं ने की क्षेत्र के खुशहाली की कामना

**अयोध्या (वेलकम इंडिया)**



क्षेत्र के चिरौली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर गुरुवार को अवसान माई की सामूहिक दुरदुरिया पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुरदुरिया में भारी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया तथा क्षेत्र और समाज की समृद्धि व खुशहाली की कामना की।मिल्कीपुर के विधायक चन्द्रभानु पासवान की जिला पंचायत सदस्य पत्नी कंचन पासवान ने भी महिलाओं के साथ पूजन किया।

पूजन करने वाली सुहागिन महिलाओं ने दुरदुरिया कार्यक्रम में अवसान माई की कहानी सुनी और पूजन कर लाई, चना व गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया। दुरदुरिया कार्यक्रम में क्षेत्र की लगभग पांच सौ महिलाएं सम्मिलित हुई। डा. अरविंद स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुशील शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और आयोजिका कुसुम पांडेय ने पूजन में सम्मिलित महिलाओं को धन्यवाद दिया। इस मौके पर दयाशंकर पांडेय, प्रियंका मौर्या, भवानी लाल पांडे, जितेंद्र पासवान, अश्वनी चौरसिया, अनीश, मोनू पांडे, अनिल सिंह, सत्यनारायण सिंह, कन्हैया बक्श सिंह, अंकित तिवारी, राम धीरज पटवा, चंद्र कुमार मौर्य, देव प्रकाश शुक्ला, अनिल पांडे, रविंद्र मौर्य, विकास यादव, रविंद्र यादव, हरिराम अरविंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## महाकुंभ से लौटे युवक का बरेली जंक्शन पर ट्रेन से गिरने की वजह से पैर कटा



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजयनगर तीन मूर्ति निवासी पवन (19) महाकुंभ में संगम स्नान करने गए थे। पवन की मां किरन ने बताया है कि वह दो दिन पहले ट्रेन से प्रयागराज गया था। शुक्रवार सुबह नौचंदी एक्सप्रेस से लौटते समय बरेली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चलती ट्रेन से गिरने के कारण पवन का बायां पैर कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद प्लेटफार्म पर उपस्थित यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना रेल प्रशासन और जीआरपी को दी।पवन के पास मौजूद दस्तावेजों के आधार पर जीआरपी ने पवन के परिवार वालों को इस घटना की सूचना दी और पवन को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार पवन की हालत नाजुक बनी हुई है। आपको बता दें कि पवन का परिवार पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है।पवन के पिता का तीन साल पहले हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया था।

## कैंट बोर्ड पूर्व पार्षद के अवैध निर्माण पर चला हथौड़ा



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** मेरठ कैंट बोर्ड ने अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का परिचय देते हुए कैंट बोर्ड के पुर्व पार्षद के अवैध निमार्णाधीन भवन पर बड़ी कार्यवाही की है गढ़िया मौहल्ला स्थित भवन संख्या 296-कबाडी बाजार पर ध्वस्तीकरण की कारवाई की गई है मिली जानकारी के अनुसार कैंट बोर्ड को अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी।गुरुवार को अवैध निर्माण पर सीईओ के सख्त निर्देश पर आज सुबह ही कैंट बोर्ड कर्मचारियों की टीम गढ़िया मौहल्ला स्थित भवन संख्या 296-कबाडी बाजार पर ध्वस्तीकरण की कारवाई को पहुंची टीम को देख दिहाड़ी मजदूर में भगदड़ मच गई वहीं कर्मचारी अवैध निमार्णाधीन भवन पर दुसरे मंजिल पर चढ़ गये और नवनिर्माण कर डाले गए लैंटर पर हथौड़ा चला कर ध्वस्त कर दिया साथ ही दीवारो पर भी जमकर हथौड़ा चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान आस-पास देखने वालों की भीड़ लग गई लोगों ने बताया भवन मालिक व पार्षद मौके पर कोई नजर नहीं आया।

## आपदा को लेकर लोगों को जागरूक करेगी मोबाइल वैन

**बागेश्वर।** राज्य, केंद्रित आपदाओं पर लोगों को जागरूक करने के लिए मोबाइल वैन जिले में रहेगी।24 फरवरी तक जिले के विभिन्न स्थानों पर जाएगी।आपदा से संबंधित ऑडियो-वीडियो, प्रचार सामग्री, प्रश्नोत्तरी, खेल एवं अन्य क्रियाकलापों व लाइव वार्ता होगी।इस माध्यम से राज्य केंद्रित आपदाओं जैसे भू-स्खलन, भूकंप व जंगल की आग के बारे में लोगों को जागरूक करेगा।मोबाइल वैन लोगों को आपदा के समय बचाव के तरीकों प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीकों सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी देगी।अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने बताया कि प्रचार वाहन गुरुवार को कपकोट व शामा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने के साथ ही 21 फरवरी को गरुड़, कौसानी व बैजनाथ क्षेत्र में लोगों को जागरूक करेगा।22 फरवरी को कांडा, कांडा पड़ाव व विजयपुर, 23 फरवरी को काफलीगैर व कठपुड़ियाछीना तथा 24 फरवरी को नदीगांव, अमसरकोट, बिजोरी, क्वैराली व सातरतवे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।



# बगैर नक्शा स्वीकृत अवैध प्लाटिंग अवैध भवन निर्माण किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त/वीसी नितिन गौड़

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण वीसी नितिन गौड़ के दिशा निर्देश पर प्राधिकरण की टीम के द्वारा अवैध प्लाटिंग निर्माण पर पीला पंजा चलाने का सिलसिला जारी है।इसी क्रम में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम के द्वारा अवैध प्लाटिंग निर्माण पर जमकर पीला पंजा चलाने के साथ 22500 वर्ग मीटर अवैध बगैर नक्शा स्वीकृत प्लाटिंग पर धवस्तीकरण की कार्यवाही की गई।जिसमें राजू पुत्र रुमाल सिंह मौहम्मदपुर खुडलिया की 6000 वर्ग मीटर, किसान संतोष एवं विकास कर्ता मौहम्मद परवेज सैफी कॉलोनी गंगाधरपुर उर्फ बक्सर में 7000 वर्गमीटर, पुष्पेंद्र पुत्र रामपाल सिंह मौहम्मदपुर खुडलिया एन एच-9 के किनारे 5000 वर्ग मीटर, मौहम्मद यूसुफ पुत्र सरफराज खुडलिया सिंभावली 2000 वर्ग मीटर, हाजी शादाब पुत्र हाजी गुलाम अहमद खुडलिया 2500 वर्ग मीटर पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए सभी अवैध कॉलोनाइजरों को कड़ी चेतावनी दी गई है। इस अभियान के दौरान एचपीडीए सचिव के द्वारा बताया गया कि अवैध प्लाटिंग अवैध भवन निर्माण प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत के किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन अमरेश कुमार शर्मा अवर अभियंता देशपाल सिंह एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता सम्मिलित रहा।

# व्यापारी गणों के सहयोग से लाडली विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के व्यापारी सेवा संघ ट्रस्ट (रजि.) के संस्थापक/अध्यक्ष गोविद कृष्मा अग्रवाल (पप्पू बोरा) एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों व्यापारी गणों के सहयोग से लाडली विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री उ०प्र० एवं मुख्य सरक्षक बृज बहादुर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मुख्य संरक्षक त्रिलोकी चंद्र अग्रवाल मुख्य संरक्षक गोविंद नारायण शुक्ला (चच्चू) पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन मुकेश मर्वेट सुशील अग्रवाल(दुल्टी) सुशील गुप्ता नमन सरावगी, सुनील बंसल पीयूष अग्रवाल, प्रदीप जैन,आधीष गुप्ता दीपक जैन पृथ्वी गुप्ता (पार्षद) मुकेश गुप्ता (संपेलाल स्वीट्स), इद अग्रवाल, पारस जैन (एडवोकेट), मनोज गुप्ता द्वारा लाडली विवाह उत्सव में 15 कन्याओ का आयोजन माधव सभागार निराला नगर लखनऊ में हिंदू रीति रिवाज से संपन्न कराया गया, जिसमें गृहत्थ जीवन से जुड़ी समस्त बस्तुओं को प्रदान किया गया।इस आयोजन में आए हुए उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों एवं विभिन्न पार्षदों द्वारा वर क्यु को विभिन्न उपहारो को देकर आशीर्वाद प्रदान किया गया।





# पटेल समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई!



**वेलकम इंडिया**

**झांसी,** आज लक्ष्मी गार्डन में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा बुंदेलखंड कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति एवं पटेल सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक माननीय श्रीपत सहाय जी (पूर्व अधीक्षण अभियंता) रहे एवं अध्यक्षता डॉ प्रताप सिंह पटेल जी पूर्व (ए डी हेल्थ) ने की। अतिथियों का स्वागत समाज के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी किले में हुआ था आपके पिता का नाम शाहजी भोंसले था जो बीजापुर सल्तनत के सेनापति थे और माता जीजाबाई ने उन्हें धर्म नीति स्वराज का पाठ पढ़ाया अआपने सर्वप्रथम हिंदुत्व की बात की एवं हिंदू राज्य के स्थापना का संकल्प लिया आपको मात्र 44 वर्ष की उम्र में छत्रपति महाराज की उपाधि प्राप्त हुई एवं राज्याभिषेक हुआ। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर प्रताप सिंह पटेल जी ने कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज ने मात्र 16 साल की उम्र में तारणा किला जीतकर मराठा शक्ति की नींव रखी उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति (गणिमी) अपना कर मुगलों,आदिलशाही और दूसरे शासको से युद्ध किया।1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान को हराकर प्रतापगढ़ की लड़ाई जीती 1664 में सूरत पर आक्रमण कर मुगलों की आर्थिक नीति को कमजोर किया ।आपने हिंदुओं की रक्षा के लिए हिंदू स्वराज की स्थापना का संकल्प लिया 3 अप्रैल 1680 को आपने अंतिम सांस ली। जयंती के कार्यक्रम में सर्व श्री संरक्षक आर एस गौर रामगोपाल निरंजन जी पी एल पटेल जी गुलजारी लाल निरंजन जी एन डी पटेल सहित डां वी के निरंजन विनोद निरंजन (बुंदेलखंड महामंत्री) मधुकर निरंजन (दादा) रामकिशन निरंजन राजेंद्र निरंजन (महानगर महामंत्री)राजेश सचान (महामंत्री पटेल सेवा संस्थान) कमलेश निरंजन महेंद्र निरंजन संतोष सिंह निरंजन डॉ सत्येंद्र प्रताप सिंह महिपाल पटेल राघवेंद्र पटेल (रानू) राजेंद्र सिंह रामकुमार निरंजन प्रोफेसर शिव कुमार कटियार प्रोफेसर बीके सिंह इं. लाखन सिंह लोकेंद्र पटेल महेंद्र पटेल आर आर निरंजन के के निरंजन मुकेश पटेल ज्ञान गौर डॉ. अरविंद डॉ. अनिल अरविंद सिंह गौर आलोक निरंजन अमर सिंह पटेल इं. वीरेंद्र कुमार सुरेंद्र निरंजन अमित पटेल सतीश पटेल हिमांशु पटेल छोटू आदि उपस्थित रहे।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट में रसायन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट में रसायन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

विज्ञान और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस के रसायन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का विषय विकसित भारत 2047 रासायनिक एवं जैविक विज्ञान के माध्यम से अप्राप्त तक पहुंच (वीबीसीबी-2025) था, जो विज्ञान की ताकत से समाज के हर कोने तक विकास पहुंचाने के संकल्प को दशार्ता है। सम्मेलन की शुरूआत एक आध्यात्मिक माहौल में सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद प्रो. (डॉ.) नवीन अहलावत (डीन - एसएंडएच एवं संयोजक, वीबीसीबी-2025) ने सभी प्रतिभागियों और गणमान्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने विज्ञान और अनुसंधान में इस तरह के मंचों की भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद, प्रो. (डॉ.) धौम्या भट्ट (डीन - आईक्यूएसी) ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. (डॉ.) आर. पी. महापात्रा ने विशेष संबोधन में विज्ञान और शिक्षा के आपसी संबंधों को रेखांकित किया। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण जर्मनी के हम्बोल्ट-यूनिवर्सिटीट जू बर्लिन के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. (डॉ.) क्रिस्टोफ एरेंज का संबोधन रहा, जिसमें उन्होंने रसायन विज्ञान में नवीनतम खोजों और उनकी सामाजिक उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) दुलाल पांडा, एफएनए (निदेशक, राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली) ने उद्घाटन भाषण में विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।सम्मेलन के अंत में डॉ. गरिमा पांडेय (सह-संयोजक,वीबीसीबी-2025) ने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।



यह सम्मेलन विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और नई संभावनाओं के द्वार खोलने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ, जो आने वाले वर्षों में भारतीय वैज्ञानिक जगत को और सशक्त बनाएगा। इस सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। जिसमें से 10 सर्वश्रेष्ठ पोस्टर और सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार दिया गए। यह सम्मेलन एएनआरएफ और सीएसआईआर द्वारा वित्तपोषित और एसीएस, आरएससी, थिएम, स्प्रिंगर और उवसार इंडिया द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने में डॉ रवि, डॉ करिश्मा, डॉ भावना, डॉ अमिया , डॉ प्प्रियंका, डॉ पल्लवी एवं रसायन विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक गणों का सराहनीय योगदान रहा। समारोह के समापन पर, हम एसआरएम आईएसटी के निर्देशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा ,डीन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ॰ नवीन अहलावत ,डीन आईक्यूएसी डॉ धौम्या भट्ट सह संयोजक डॉ. गरिमा पांडेय का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रेरक संदेश ने इस आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विद्युत विभाग द्वारा विशेष चैंकिग अभियान चलाया, विद्युत चोरों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम कलछीना, मोदीनगर में अधिक लाईन हॉनियों वाले क्षेत्र में विशेष चैंकिग अभियान चलाया गया। विद्युत चोरों पर कार्रवाई की गई ।

विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधिशासी अभियन्ता महेश उपाध्याय ने बताया कि विशेष चेकिंग के दौरान समस्त उपखण्ड अधिकारी / समस्त अवर अभियन्ता एवं अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर क्षेत्रीय पुलिस बल तथा पी०ए०सी० बल के साथ ग्राम कलछीना, मोदीनगर में चैंकिग की गयी। चैंकिग के दौरान 194 परिसरों को चैक किया गया। 15 व्यक्ति बिना कनेक्शन के सीधे विद्युत चोरी, मीटर से पहले कट लगाकर, मीटर के अतिरिक्त तार डालकर चोरी करते पाये गये।, जिन पर 12 लोगों पर पूर्व में अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये संयोजनों को पुनः जोड़कर चलाते पाये जाने के कारण प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। 20 लोगों पर 10000/- रुपए से अधिक विद्युत बिल के बकायेदारों तथा 10 उपभोक्ताओं जिन पर 1 लाख से अधिक का बिल का बकाया था, के परिसर से मीटर उतारे गए। उन्होंने विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये, जिन उपभोक्ताओं का पूर्व में विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन अस्थायी रूप से विच्छेदित है या बिल बकाया है वह शासन द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तिम चरण की विस्तारित अवधि दिनांक 28.02.2025 तक पंजीकरण कराकर बिल का भुगतान कर योजना का लाभ उठाये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है. वह अपने उपखण्ड / खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें। अन्यथा की स्थिति पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद, विभागीय टीम के द्वारा लगातार रेड की जाएगी तथा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।



# रालोद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का स्वागत किया गया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल महिला मोर्चा की महासचिव डॉ पूनम गर्ग के ऑफिस पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के पहुंचने पर डॉ पूनम गर्ग एवं उनकी टीम ने खुशी का इजहार करते हुए जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं व बधाई दी। राष्ट्रीय लोकदल महिला मोर्चा की महासचिव डॉ पूनम गर्ग ने जिला अध्यक्ष को शॉल पहना कर स्वागत किया एवं पुष्प गुच्छ दे कर बधाई दी। बधाई देने वाले में मंजू चौधरी डॉ वरुण डॉ शताक्षी ने मालाओं के द्वारा स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी और अध्यक्ष को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा करवाया। सभी ने जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि हम सब लोग राष्ट्रीय लोक दल के प्रति पूर्ण समर्पित है जो भी निर्देश दिया जाएगा सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाज के सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़ने का काम करेंगे।

जिला अध्यक्ष के स्वागत के दौरान उपस्थित लोगों में अनीता बीनू पिंकी चौधरी सारिका शर्मा नीलम भूरी प्रशांत वीरेंद्र आदि उपस्थित थे।

## दिन-दहाड़े व्यापारी से लूटा मोबाइल

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वैशाली निवासी एक व्यापारी से भरी दोपहर बाइक सवार मोबाइल छीनकर भाग गया। लुटेरे ने लूट के बाद व्यापारी को पुलिस में जाने की सलाह तक दे डाली। ये तब हुआ जब पीड़ित ने अपने नंबर पर फोन किया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। राजा अग्रवाल पेशे से व्यापारी हैं और वैशाली में रहते हैं। राजा ने पुलिस में शिकायत की कि वह ज्ञानखंड दो में निजी काम से गए थे। दोपहर करीब दो बजे एक बाइक सवार उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़ित ने तुरंत ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पड़ताल की, मगर लुटेरे का कोई सुराग नहीं मिला। हालाकि व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। बुधवार को व्यापारी एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव से भी मामले की शिकायत की। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने मौके से ही तुरंत दूसरे फोन से अपने नंबर पर फोन किया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का आयोजन किया




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी०जी० कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन इतिहास, और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वह भोसले साम्राज्य के शासक थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी के किले में हुआ था। 1674 में अनका राज्याभिषेक हुआ और वह छत्रपति बने।1680 में रायगढ़ के किले में उनकी मृत्यु हुई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की विभागध्याक्षा सुश्री रश्मि चौधरी ने शिवाजी की शासन कला की निपुणता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वह एक कुशल योध्दा ही नहीं बल्कि कुशल राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी थे। शिवाजी के दरबार में अष्टप्रधान मण्डल उनके प्रशासनिक और राजनीतिक कार्यों को सम्पन्न कराया करता था। वह मातृभाषा का सम्मान करते थे। मराठी और संस्कृत भाषा के उध्दार के लिए विशेष प्रयास किये थे। कार्यक्रम का अध्यक्षीय भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम शर्मा ने दिया। सुश्री शालू, खुशबू गार्गी, स्वीटी, मंजू कनौजिया, शिवानी और आंकाक्षा सारस्वत आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# महिला पंजाबी संगठन,लायंस, उडान ने महाकुंभ की पवित्र यात्रा का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर और लायंस क्लब मोदीनगर उडान इंटरनेशनल ने मिलकर महाकुंभ की पवित्र यात्रा का आयोजन किया। इस महोत्सव में लगभग 60 लोगों ने हिस्सा लेकर एक दूसरे के साथ आस्था और भक्ति का संचार किया। यात्रा की शुरूआत प्रयागराज पहुंचकर सभी यात्रियों ने संगम में पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना की। यात्रा का सफल संचालन पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर और महिला पंजाबी संगठन के अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर द्वारा किया गया। इनके साथ ही इस पवित्र आयोजन में संजय नय्यर, दीपक ग्रोवर, अजय नय्यर, राजीव नय्यर, अजय मेहंदीरत्ता, मनमोहन जी, रोनक अरोड़ा, गुरुचरण,विरेंद्र बत्रा, विजय खुराना, अनीता ग्रोवर, हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. सुषमा त्यागी, कोमल शर्मा, निशू ग्रोवर,पूनम नैयर,अंजू नैय्यर, शीतल बत्रा, मीनल, सपना मेहंदीरत्ता, प्रिया खुराना,सपना कुमार, नेहा चावला, कविता पसरीचा और अन्य कई सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी प्रतिभागियों ने इस पवित्र आयोजन को अपने जीवन में एक नई उमंग और ऊर्जा के साथ स्वीकार किया।

## मकान से करीब 80 लाख की चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में फार्मास्यूटिकल कंपनी के निदेशक के मकान से करीब 80 लाख की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के भाई को पिछले सप्ताह पुलिस ने जेल भेजा था, जिससे 4.70 लाख रुपये और बड़ी मात्रा में सोने व हीरे के गहने बरामद किए थे। सूर्य नगर में राजेंद्र माहेश्वरी के घर 12 फरवरी की तड़के सात लाख रुपये और 70 लाख रुपये से अधिक के गहने चोरी हो गए थे। सीसीटीवी कैमरों में एक बदमाश चोरी करते दिखा था। छानबीन के आधार पर पुलिस ने 15 फरवरी को दिल्ली के उस्मानपुरी निवासी रफीक को गिरफ्तार किया था। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को रफीक के भाई जमील को गिरफ्तार किया है। जमील ही चारदीवारी कूदकर शीशे के गेट से घर में दाखिल हुआ था। वारदात जमील करता है और रफीक रास्ते पर खड़े होकर आसपास की हलचल पर नजर रखता है। आरोपी से चोरी में प्रयुक्त लोहे का कटर, पासपोर्ट और दो मोबाइल फोन मिले हैं। उसके खिलाफ गाजियाबाद, मथुरा व दिल्ली में चोरी के कई केस दर्ज हैं।

## दो वाहन चोरों को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दिल्ली से चोरी की गई बाइक बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने जवाहर नगर थाना लोनी बॉर्डर निवासी सोनू और आशु सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद बाइक दिल्ली के यमुना विहार से चोरी की गई थी। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक करीब 25 दिन पूर्व दिल्ली से चोरी की थी, जिसे वह बेचने की फिराक में थे। पुलिस की मानें तो आरोपियों के खिलाफ दिल्ली, इंदिरापुरम और लोनी बॉर्डर में केस दर्ज मिले हैं।

## भाई की मौत के बाद फर्जी वसीयत बनाकर बेच दिया प्लॉट

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित प्लॉट को भाई की मौत के बाद फर्जी वसीयत बनाकर बेचने का मामला आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजनगर एक्सटेंशन निवासी समृद्धि शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी थी। उनके पिता स्वर्गीय प्रवीन शर्मा का इंदिरापुरम के नीतिखंड में एक प्लॉट था, जिसमें आधा हिस्सा रामपुरी निवासी उनके ताऊ सुनील शर्मा का था। वर्ष 2009 में उनके पिता की मौत हो गई थी, जिसके बाद प्लॉट मां के नाम पर आ गया और मां की मौत के बाद प्लॉट उनके नाम हो गया क्योंकि वह इकलौती संतान हैं। आरोप है कि ताऊ ने फर्जी वसीयत बनाकर बेच दिया। इसका पता चलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पीड़िता का कहना है कि आठ साल पहले भी ताऊ ने इसी तरह पिता के हिस्से वाले वसुंधरा के एक प्लॉट को बेच दिया था, जिसमें वह जेल भी गए थे।

# समाजवादी पीडीए पंचायत का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशन में चल रही समाजवादी पीडीए पंचायत का आयोजन राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा पुनीत वर्मा व नगर अध्यक्ष दीनू खान के नेतृत्व में विजय नगर मोदीनगर में किया गया। जिसका सचालन शहर अध्यक्ष सचिन दीक्षित के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति के द्वारा पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि पीडीए उत्तर प्रदेश का ही नहीं पूरे देश का आंदोलन बन चुका है हमारा उद्देश्य है कि पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आदिवासी आदि आबादी पिछड़ा स्वर्ण को उसका पूरा हक और सम्मान मिले इस अवसर पर प्रदेश सचिव कालूराम धामा विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा युवजन सभा जिला उपाध्यक्ष अकरम सलमानी प्रवक्ता आरिफ सलमानी आदि ने अपने विचार रखें और सामाजिक न्याय को लेकर चर्चा करी इस अवसर पर शहर सचिव ऋषि शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश जाटव परवेज सिद्दीकी शोएब मलिक मनीष ठेकेदार बादल बबलू सुनील मलिक आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।




## युवती को नौकरी लगवाने का झांसा देकर होटल में किया दुष्कर्म, आरोप

**गाजियाबाद।** नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती को नौकरी लगवाने का झांसा देकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी युवती को ब्लैकमेल भी कर रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती नौकरी की तलाश कर रही थी। युवती की मुलाकात मानवतापुरी कॉलोनी निवासी मोनू से हुई। आरोपी मोनू मोहननगर गाजियाबाद स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। मुलाकात के दौरान आरोपी ने युवती को नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसके चलते उसने कई बार युवती को रेस्टोरेंट में मिलने के लिए बुलाया।

# बेहोशी के चिकित्सक न होने से हर माह एक दर्जन से अधिक प्रसूताओं को किया जाता रेफर

**अयोध्या( वेलकम इंडिया)**

सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के चिकित्सक न होने से हर महीने एक दर्जन से अधिक प्रसूताओं को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी में प्रसूताओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा व सिजेरियन के लिए डॉ गुंजन यादव की तैनाती की गई है। हालांकि सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के डॉक्टर की तैनाती न होने से यहां आने वाली सिजेरियन प्रसूताओं को रेफर करना चिकित्सक की मजबूरी बन गई है। बता दें कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी तरह सख्त है। वहीं जिले की सीएचसी मिल्कीपुर में बेहोशी के डॉक्टर न होने से प्रसूताओं को जिला अस्पताल रेफर करना चिकित्सक के लिए सबसे बड़ी मजबूरी बन गई है। आखिर बगैर बेहोशी चिकित्सक के प्रसूताओं का सिजेरियन कैसे किया जाए। बेहोशी के चिकित्सक न होने से प्रसूता खुशीर्दा बानो, आशा, रीना पाण्डेय, लक्ष्मी व मीरा सहित एक दर्जन से अधिक को जिला अस्पताल रेफर किया जा चुका है। सीएचसी मिल्कीपुर से रेफर ज्यादातर प्रसूताओं को गंभीर स्थिति में स्थानीय निजी नर्सिंग होम जाने को मजबूर होती है जहां उन्हें मंहगे दामों पर इलाज कराना पड़ता है। वही सीएचसी मिल्कीपुर में आने वाली सिजेरियन प्रसूताओं की जांच की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जांच कराने के लिए प्रसूताओं को जिला अस्पताल व निजी पैथालॉजी में जाना पड़ता है। बेहोशी के चिकित्सक की तैनाती सीएचसी मिल्कीपुर में नहीं है। सिजेरियन प्रसूताओं के लिए देवगांव स्थित पचास शैय्या अस्पताल से बुलाया जाता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई माह से बेहोशी के चिकित्सक नहीं आ रही है। जिससे यहां आने वाली प्रसूताओं को समय से इलाज नहीं मिलता और उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। गंभीर स्थिति में प्रसूताओं को उनके तीमारदारों द्वारा निजी नर्सिंग होम में दाखिला कराया जाता है।



# 21,000 वर्ग मीटर में बनेगा नया नगर निगम मुख्यालय, 94 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** शहर के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए गाजियाबाद नगर निगम को नया मुख्यालय मिलने जा रहा है। शासन द्वारा 94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक मुख्यालय को मंजूरी मिल चुकी है। यह नया भवन अर्थला में 21,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाया जाएगा, जिसमें दो बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर और पांच मंजिलें होंगी। नगर निगम के इस नए भवन का डिजाइन पूरी तरह से शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नया नगर निगम मुख्यालय केवल कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी अत्यंत सुविधाजनक होगा। आधुनिक तकनीक से युक्त इस भवन में नागरिक सेवाओं को बेहतर और सुगम बनाने के लिए कई सुविधाएं होंगी। 5,655 वर्ग मीटर का पार्किंग एरिया भी निर्धारित किया गया है, जिससे आने वाले आगंतुकों को पार्किंग की परेशानी न हो।

नगर निगम शहर के विकास को गति देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम ने कई योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है और अब नए मुख्यालय का निर्माण भी इसी दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा गाजियाबाद नगर निगम की यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नया मुख्यालय पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे न केवल निगम कर्मचारियों को बेहतर कार्यस्थल मिलेगा, बल्कि शहरवासियों के लिए भी सरकारी सेवाएं अधिक सुगम और पारदर्शी होंगी। 2026 तक इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निविदा प्रक्रिया के लिए निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में नगर निगम लगातार प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। नए मुख्यालय के निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि नागरिकों को भी अधिक सुगम सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस नए मुख्यालय के निर्माण से गाजियाबाद नगर निगम अपने प्रशासनिक और नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगा। यह परियोजना शहर की विकास योजनाओं को गति देने और नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

# राजकीय पॉलीटेक्निक गाज़ियाबाद में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** राजकीय पॉलीटेक्निक, गाज़ियाबाद में 2025-26 सत्र के प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रदेश के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों की प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए जेईईसीयूपी की वेबसाइट (jeecup.admissions.nic.in) के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। प्रवेश परीक्षा दिनांक 20/05/2025 से 28/05/2025 के मध्य प्रस्तावित है। राजकीय पॉलीटेक्निक, गाज़ियाबाद में प्रवेश के लिए कुल 12 पाठ्यक्रमों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त दो वर्षीय व कई एक वर्षीय पाठ्यक्रम भी संचालित हैं जिनकी विस्तृत जानकारी संस्था की वेबसाइट (www.gpghaziabad.ac.in) या संस्था से प्राप्त की जा सकती है। संस्था में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क की भी स्थापना की गई है, जहां से विद्यार्थी या परिजन सीधे संस्था आकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं। प्रचार प्रसार के क्रम में संस्था स्तर पर गठित समिति द्वारा भी गाज़ियाबाद के आस पास के विभिन्न स्कूलों व कालेजों में प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है जहाँ छात्र-छात्राओं से मिलकर उन्हें आवेदन की पूरी प्रक्रिया व डिप्लोमा कार्यक्रमों की महत्ता को समझाया जा रहा है।

संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. जानबेग लोनी ने पॉलीटेक्निक पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता को समझाते हुए बताया कि वर्तमान युग तकनीक का है और तकनीकी शिक्षा के द्वारा युवा आसानी से नौकरी प्राप्त कर सकते है। संस्था में विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल सुविधा, प्लेसमेंट सेल की सुविधा, फ्री वाईफाई, आधुनिक लायब्रेरी व राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों का लाभउठा सकते हैं।

संस्था में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित कार्यक्रम भी होते रहते हैं जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में मार्केट की आवश्यकताओं के अनुरूप निखार आता है।

संस्था के प्रधानाचार्य ने कहा कि मेरी गाज़ियाबाद और उसके आसपास रहने वाले सभी विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता से अपेक्षा है वह ससमय अपने परिचितों का नामांकनjeecup.admissions.nic.inके माध्यम से कर लें जिससे अंतिम समय में वेबसाइट या तकनीकी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# यूपी का ऐतिहासिक बजट: गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित: इन्द्रजीत सिंह टीटू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का बजट पेश किया है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा योगी सरकार ने बजट में खेती-किसानों सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को और गति दी है। किसानों और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं में भारी-भरकम राशि का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2025 - 2026 के बजट में प्रदेश सरकार ने महिलाओं के कल्याण और उत्थान का विशेष ख्याल रखा है। योगी सरकार उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान करने की नई योजना ला रही है। बजट में इसकी व्यवस्था कर दी गई है। सरकार ने किसानों को फ्री पानी की जो सौगात दी है, वो स्वागत योग्या है. इससे किसानों को फायदा होगा। फसल की लागत कम आएगी तो किसानों की आमदनी बढेगी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी सरकार का नौंवा बजट है। पिछले आठ सालों में सरकार ने जो भी कदम उठाए उसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।

आज यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े स्तर पर काम हुआ है। पिछले साल उत्तर प्रदेश के बड़ा पर्यटन में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक साल में यूपी 65 लाख पर्यटक आएं और 14 लाख विदेशी भी आए। यूपी आज पर्यटन में तीसरे नंबर से पहले स्थान पर आने में सफल रहा है। राज्य के बजट के आकार में जो बढ़ोतरी हुई है वो राज्य के सामर्थ्य को दिखाती है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो धनराशि व्यय होगी उससे रोजगार के अवसर आएंगे।

# उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने कहा बजट प्रदेश को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गुरुवार को आए बजट को उत्तर प्रदेश के लिए आर्थिक मजबूती वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाली सरकार ने बजट में हर वर्ग और हर जिले का ध्यान रखा है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि बजट में आम आदमी से लेकर किसानों, महिलाओं, छात्राओं, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों का भी ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश में विकास हो आर्थिक मजबूती मिले, इसके लिए कई योजना चलाने की मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही छात्रों को अब सरकार स्कूटी मुफ्त देगी। प्रधानमंत्री योजना के तहत भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि इस बजट से उत्तर प्रदेश का विकास अधिक तेजी से होगा। साथ ही कई बड़े प्रोजेक्ट की शुरूआत प्रदेश को नई आर्थिक मजबूती भी प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गुरुवार को आए उत्तर प्रदेश सरकार के बजट की तारीफ करते हुए प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के जरिए न सिर्फ धार्मिक आस्थाओं सफल बनाया गया है। वहीं करोड़ों लोगों ने जिस तरीके से स्नान किया है यह अपने आप में अनोखा रिकॉर्ड है।

# उत्तर प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान बनाएगा सर्वस्पर्शी बजट: एसपी सिंह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अल्पसंख्यक आयोग उप्र के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक सर्वस्पर्शी बजट है और प्रदेश के विकास में नये आयाम स्थापित कराएगा।

प्रदेश में 4 नये एक्सप्रेसवे का निर्माण, अपेक्षित छात्राओं को स्कूटी देना, युवाओं को ब्याजमुक्त लोन देना, युवा उद्यमी विकास, किसानों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाना व टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना, सड़कों व राजमार्गों के विकास व चौड़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बधाई के पात्र हैं। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। प्रदेश के 58 नगर निकायों को आदर्श स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।

# सेक्टर 1 वैशाली नील पदम कुंज सोसायटी में गंगा जल आपूर्ति का कार्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी वार्ड 72 की पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा गुरुवार को सेक्टर 1, वैशाली नील पदम कुंज सोसायटी में गंगा जल आपूर्ति के लिए नगर निगम से पाइपलाइन डलवाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरूआत समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल और दीपक बहल द्वारा नारियल फोड़कर की गई। स्थानीय निवासियों द्वारा काफी समय से गंगा जल आपूर्ति की मांग की जा रही थी, जिसे पार्षद के प्रयासों से पूरा किया गया। इस शुभ अवसर पर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अंशुल, संजू दादरू, बृज कृष्ण, रेखा गुप्ता, एसके वर्मा, दीपा बिष्ट, चरणजीत सिंह कोहली, त्रिलोक, अरविंद थापर, वीरेंद्र सारस्वत, अमित धार, बीके तिवारी, केपी मिश्रा और वीर सिंह चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## थाने के पास छात्रा का छीना मोबाइल

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद रेलवे रोड पर बीकॉम की छात्रा से दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने फोन चुनौती कर फरार हो गए जानकारी के मुताबिक छात्रा अपने पिता की दवाई लेकर घर लौट रही थी इस बीच साहिबाबाद रेलवे रोड पर पीछे से बाइक सवार हेलमेट लगाकर आए दो बदमाशों ने फोन छीनने की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद छात्रा ने कुछ दूर बदमाशों का पीछा किया मगर वह फरार हो गए छात्रा ने घटना की सूचना स्थानीय चौकी को दी इसके बाद लिखित में साहिबाबाद थाने पर अपने परिजनों द्वारा शिकायत पत्र दी है।

## लाखों के माल के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद दिल्ली व यूपी में चोरी की वारदातों को ताबड़तोड़ तरीके से अंजाम देने वाले गैंग के तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। चोरों के पास से इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में स्थित वसुंधरा कॉलोनी में खड़ी कारों की चुराई गई एक दर्जन से अधिक बैटरी, उपकरण व अन्य सामान समेत लाखों का माल और औजार बरामद हुए। सूत्रों के अनुसार इंदिरापुरम थाने के एसएचओ रवेंद्र गौतम की टीम ने जिन तीन बदमाशों को माल समेत गिरफ्तार किया है उनके नाम बिलाल, परवेज व आसिफ निवासीगण दिल्ली हैं। बिलाल व आसिफ जहां शातिर चोर हैं वहीं परवेज उनके द्वारा चुराये गये माल, बैटरी व उपकरणों को ठिकाने लगाकर मोटी कमाई करता है। इस गैंग ने पिछले कुछ दिनों में ही इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर खड़ी कार व अन्य वाहनों की बैटरी व उपकरण चोरी करके पुलिस की नाक में दम कर दिया था।

# वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** वाहन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए नंदग्राम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और नशे के आदी हैं। नशे की इस लत को पूरा करने के लिए यह चोरी की घटनाएं करते हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि शिवपुरी विजयनगर निवासी एक व्यक्ति ने 16 फरवरी को ई-रिक्शा चोरी होने के संबंध में नंदग्राम थाने पर केस दर्ज कराया था। पीड़ित का कहना था कि वह रोटरी गोल चक्कर के पास किसी काम से आया था, जहां से उसका ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया। एसीपी ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान गुरुवार को सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 2 दिवसीय प्राचीन दूधेश्वर मठ में महायोजन की तैयारी शुरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मन्दिर में हर साल की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

दो दिवसीय ये भव्य आयोजन 25 से 26 फरवरी तक चलेगा। दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मन्दिर समिति के श्रीमहन्त नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर को देश के विभिन्न राज्यों से तरह-तरह के फूल मंगाकर सजाने के साथ-साथ विशेष लाइटिंग के इंतजाम कराने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी भी चल रही है। विशेष भोग और. प्रसाद का इंतजाम भी किया जा रहा है। जबकि सुरक्षा को लेकर भी तैयारियों को लेकर पुलिस के अफसरों से वार्ता हुई है। मठ के महंत नारायण गिरि ने बताया कि दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल व अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता और सारे दूधेश्वर स्वयंसेवक मन्दिर परिसर मे देश के विभिन्न राज्यों दिल्ली, कलकत्ता, बैंगलोर, जयपुर, हरियाणा ,वृन्दावन मथुरा के विभिन्न प्रकार के पुष्पो से मन्दिर परिसर को भगवान दूधेश्वर का फूल बंगला बनाएंगे।

रंग विरंगी लाइटो से मन्दिर बहुत भव्य रूप से सजाया जायेगा। 25 की रात 9 बजे भगवान देवधिदेव महादेव बाबा की शिव बारात दूधेश्वर चौक (जस्सी पुरा) से ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते निकाली जायेगी।

बारात शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई दूधेश्वर मन्दिर मे रात्रि 11:30 बजे पहुचेंगी। इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की जयमाला होगी। 25/26 की रात 12 बजे श्रीमहन्त नारायण गिरि भगवान दूधेश्वर का प्रथम अभिषेक करेंगे। इसके बाद भक्तों का जलाभिषेक शुरू होगा। प्रातःकाल श्रृंगार आरती 3:30 से 4:30 तक चलेगा भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार मोहित जी एवं उनके कार्यकताओं द्वारा होगा ,सायंकाल भगवान दूधेश्वर का श्रृंगार 5:45 से 7 बजे तक श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल जी एवं समस्त समिति के सदस्यों द्वारा होगा प्रथम भोग प्रसाद 108 प्रकार के व्यंजनों का धर्मपाल गर्ग जी के द्वारा भगवान दूधेश्वर को अर्पित किया जायेगा ,भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक 25/26 की मध्य रात्री 12 बजे से लेकर 26 की रात्री 12 बजे.तक भक्तो का जलाभिषेक निरन्तर चलेगा साथ ही भगवान दूधेश्वर का अष्टप्रहर रूद्राभिषेक पूजन होगा।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या-ए-125, पटेलनगर-2, गाजियाबाद के अभिलेखों में श्री ओमप्रकाश चावला पुत्र की श्री रतन लाल चावला व श्री सुरेश सचदेवा पुत्र श्री टी०आर० सचदेवा का नाम दर्ज है। श्री सुरेश सचदेवा द्वारा उक्त भूखण्ड में अपने भाग के बावत दिनांक 16.09.2003 को अपनी बहन संगीता रानी पुत्री श्री टी०आर० सचदेवा को मु०आम नियुक्त किया गया। तत्पश्चात अन्य सह-पटट्दार श्री ओमप्रकाश चावला व मु०आम श्रीमती संगीता चवाला द्वारा संयुक्त रूपद से उक्त भूखण्ड का विक्रय दिनांक 26.12.2024 को श्री टीपू मलिक पुत्र श्री महावीर व श्रीमती नीलम मलिक पत्नी श्री टीपू मलिक के पक्ष में कर दिया गया। अब वर्तमान क्रेतागण श्री टीपू मलिक व श्रीमती नीलम मलिक द्वारा शपथ पत्र, पहचान पत्र मु०आम व विक्रय पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के अभिलेखों में अपना नाम संयुक्त रूप से दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी/विक्रेता के नाम के स्थान पर श्री टीपू मलिक व श्रीमती नीलम मलिक का नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर लिया जायेगा तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सहा प्रभारी सम्पत्ति गाजियाबाद

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल से अधिवक्ताओं में रोष, दिया धरना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले के अधिवक्ता एक बार फिर हड़ताल के मूड में दिखाई दे रहे हैं दरअसल जिस तरह से एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 लाया जा रहा है उसे अधिवक्ताओं में रोष उत्पन्न हो चुका है इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता हरेंद्र गौतम ने कहा कि इस बिल के जरिए वकीलों का दोहन और शोषण करने की रणनीति बनाई जा रही है जिसको किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के खिलाफ अधिवक्ता एकजुट होते दिखाई दे रहे हैं जहां गाजियाबाद बार एसोसिएशन भी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी नजर आ रही है ऐसे में फिलहाल अभी तो ज्ञापन एवं चिी पत्री का कार्यक्रम चल रहा है लेकिन जल्दी इस संबंध में अधिवक्ता कोई आंदोलन कर सकते हैं। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवर्तनों का हड़ताल से पुराना नाता है अधिवक्ता किसी भी विरोध प्रदर्शन को बड़ी हड़ताल में बदलने की कुवैत रखते हैं साथ ही अधिवक्ता किसी भी प्रकार की शासन प्रशासन द्वारा सख्ती या बंदिश के खिलाफ भी खड़े होने से पीछे नहीं हटते हैं। हाल ही में गाजियाबाद के अधिवक्ताओं ने एक लंबी हड़ताल कर लड़ाई लड़ी है ऐसे में फिर से हड़ताल न्यायिक व्यवस्था के लिए मुसीबत साबित हो सकती है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार यादव का कहना है कि एडवोकेट अमेंडमेंट बिल अधिवक्ताओ पर अंकुश लगाने के लिए लाया गया है हम अधिवक्ता गण एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल की मांग कर रहे थे ऐसे में केंद्र सरकार ने वकील विरोधी नीति अपनाते हुए हम पर अंकुश लगाने के लिए नया बिल लागू किया है। बिल में कई ऐसे प्रावधान है जिनका अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं जिसमें प्रमुख रूप से हड़ताल पर पाबंदी क्लाइंट द्वारा अपने अधिवक्ता से नाराज होने पर मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान,निडर और स्वतंत्र होकर अधिवक्ता द्वारा मुकदमे लडे में कठिनाई आदि प्रमुख हैं। वहीं वकीलों द्वारा गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बाहर लगातार दूसरे दिन वकीलों द्वारा धरना दिया गया। जानकारी के अनुसार बता दे की एडवोकेट एक्ट में संशोधन या उसे वापस लेने के लिए वकील पुरजोर तरीके से धरना देकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को भी ज्ञापन देने का कार्य कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत बार एसोसिएशन के बाहर राकेश त्यागीनि के नेतृत्व में वकीलों द्वारा दूसरा दिन धरने पर बैठे रहे।

इस दौरान राकेश त्यागी निवाड़ी और अधिवक्ता सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा वकीलों पर जबरदस्ती अधिवक्ता एक्ट थोपा जा रहा है, जो अधिवक्ताओं के हनन के लिए बनाया गया है।